
वर्ष-3, अंक-243
इन्दौर, मंगलवार
19 नवम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है। -चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## मप्र बनेगा आईटी और साइंस का नया हबः मुख्यमंत्री

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आने वाले समय में विज्ञान प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी और इन क्षेत्रों से जुड़ी सेवाओं का नया हब बनकर देश में उभरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में फार्मिंग से लेकर फायनेंस तक, मैन्यूफैक्चरिंग से लेकर मेडिसिन तक, एजुकेशन से लेकर कम्यूनिकेशन तक विज्ञान का उपयोग किया जा रहा है। देश की टेक्नोलॉजी में मध्यप्रदेश महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सुशासन के माध्यम से जन-कल्याण पर जोर दिया जा रहा है इसके लिए राज्य सरकार के विभागों में डिजिटलाइज्ड प्रणाली संचालित है। अनेक नवाचार भी हुए हैं। मध्यप्रदेश में आईटी और आईटीईएस क्षेत्र में निवेश भी बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश विज्ञान परिषद विद्यार्थियों को स्टार्टअप और इनोवेशन के लिए मंच प्रदान कर रही है। सेटैलाइट इमेजरी एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली के उपयोग से जन-कल्याण के कई कार्य हो रहे हैं। किसानों के खसरे, नामांकन, बटांकन आदि के कार्य और दस्तावेज पंजीयन साइबर तहसील के माध्यम से हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर में चार दिवसीय महाकौशल विज्ञान मेला और आरोग्य एक्सपो-2024 के समापन समारोह को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराष्ट्र भ्रमण पर रहते हुए जबलपुर के आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

### डिजीटल नवाचार, सुशासन और जन-कल्याण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में साइबर सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश कम्प्यूटर एमरजेंसी रिस्पांस टीम(स्क्कष्टश्वक्रञ्ज) का गठन किया गया है। सभी शासकीय विभाग मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी का पंजीकरण करवा चुके हैं। इस तरह के 105 अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में जहां जबलपुर में 17 करोड़ से अधिक लागत से साइंस सेंटर की पहल हुई है वहीं उज्जैन में 230 करोड़ लागत से साइंस सिटी का निर्माण हो रहा है। आईआईटी जैसी संस्थाओं के विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे। वर्ष 2013 में प्रथम तारामंडल प्रारंभ हुआ था जिसे अपग्रेड किया गया है। अत्याधुनिक थ्रीडी 4्य तकनीक से विकसित नई व्यवस्था में इस वर्ष 400 सफल शो किए जा चुके हैं। इसी तरह अत्याधुनिक प्लेटोरियम, स्पेस टेक्नोलॉजी, ड्रोन के उपयोग और नल-जल योजनाओं से लेकर सम्पत्ति की प्रक्रिया में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हो रहा है। उज्जैन के डोंगला स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की वेधशाला के निर्माण से एस्ट्रोनामी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को नई पहचान मिली है।



### भारत बन रहा महाशक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत साइकिल और बैलगाड़ी से प्रारंभ हुई अपनी अंतरिक्ष यात्रा को चंद्रमा, मंगल और सूर्य की तरफ बढ़ा चुका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जैसे सक्षम नेता वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाने में साथ हों तो सफलता मिल ही जाती है। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान के मार्ग को प्रशस्त किया है। आज इसरो ने भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की प्रगति से दुनिया को परिचित करवा दिया है। एक महाशक्ति के रूप में भारत अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री ने जय-जवान- जय किसान का नारा दिया। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जय विज्ञान का नारा दिया। वर्तमान प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने जय अनुसंधान के मूल मंत्र पर जोर दिया है। एक समय था जब अनुसंधान को महत्वपूर्ण नहीं माना जाता था। प्रत्येक अनुसंधान कार्य सफल हो, यह आवश्यक नहीं लेकिन हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वैज्ञानिकों के मनोबल को बढ़ाया है।

### डोंगला की वेधशाला अब अंतर्राष्ट्रीय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा वर्तमान में समय की गणना ग्रीनविच से हो रही है। डोंगला स्थित वेधशाला से शुद्ध समय की गणना संभव होगी। उज्जैन में वैदिक घड़ी की स्थापना की गई है। आने वाले समय में इस तरह के कई टास्क मध्यप्रदेश द्वारा लिए जाएंगे। प्रदेश में नव वैज्ञानिकों के सम्मेलन भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर की धरती नवाचारों के लिए जानी जाती है। यहाँ वीरांगना दुर्गावती की स्मृतियां भी जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महाकौशल विज्ञान मेले के माध्यम से इस सार्थक आयोजन से जुड़े सभी व्यक्तियों को बधाई दी और उनका अभिवादन किया। समापन समारोह में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह, मध्यप्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद के अध्यक्ष श्री अनिल कोठारी, महाकौशल विज्ञान परिषद के अध्यक्ष श्री एस.पी. गौतम सहित परिषद के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। एक्सपो स्थल पर विज्ञान एवं नवाचारों संबंधी प्रदर्शनी में विभिन्न स्टाल लगाए गये। अतिथियों द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया।

## राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सेना को सम्मानित किया

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव के वीरतापूर्ण साहसी प्रयासों के लिए सेना की 97 फील्ड रेजिमेंट को यूनिट साइटेशन पुरस्कार प्रदान किया। राज्यपाल श्री पटेल ने राजभवन में आयोजित गरिमामय समारोह में सेवा परमो धर्म के आदर्श वाक्य के प्रति सेना की प्रतिबद्धता को स्थापित करने में 97 फील्ड रेजिमेंट के योगदान की सराहना की। इकाई के कमान अधिकारी कर्नल देवमाल्या मुखर्जी और सूबेदार मेजर देवेन्द्र कुमार को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 97 फील्ड रेजिमेंट की यूनिट के दतिया और ग्वालियर जिलों में बाढ़ राहत और बचाव कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ÷राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र÷ प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के दतिया और ग्वालियर जिलों में बाढ़ राहत कार्यों में 97 फील्ड रेजीमेन्ट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। रेजिमेंट ने नदी की तेज़ धाराओं को पार करते हुए साहसिक रात्रि ऑपरेशन किए। काली सिंध, पार्वती और नौन नदियों में डूबे घरों में फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान 70 से अधिक नागरिकों को सुरक्षित रूप से बचाया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित 100 नागरिकों को स्थानांतरित किया। बचाव दल ने तीन दिनों की अवधि के दौरान, संसाधनों के कुशल आवंटन और अथक कार्यों से नुन्हारी, इंदरगढ़ और पवाया गांवों के ग्रामीणों को बचाने में सफलता प्राप्त की। इसी तरह झील के टूटने और पानी के उफान पर होने के बावजूद, संकट ग्रस्त दतिया की अमन कॉलोनी के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। सेना की 97 फील्ड रेजिमेंट यूनिट के जवानों ने लोगों की जान बचाने के साथ ही आपदा से तबाह हुए लोगों में उम्मीद की किरण भी जगाई।



## फिलीपींस में मान-यी तूफान से आठ लोगों की मौत

**मनीला (एजेंसी)।** फिलीपींस में सप्ताहांत में मान-यी तूफान से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है। नुएवा विज्काया प्रांतीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन कार्यालय (पीडीआर-आरएमओ) ने अंबागुइओ शहर में भूस्खलन में घर दब जाने से कम से कम सात लोगों की मौत होने की पुष्टि की। पीडीआरआरएमओ के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा ÷ हम अभी भी आपदा के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। वैसे उन्हें पत्रकारों से सार्वजनिक रूप से बात करने का अधिकार नहीं है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज़ मार्कोस ने संवाददाताओं को बताया कि मनीला के दक्षिण-पूर्व में कैमरिन्स नोर्टे प्रांत में भी एक व्यक्ति की मौत हो गई। देश के शीर्ष आपदा समन्वयक, राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने अभी मान-यी के कारण हुई मौतों और नुकसान की रिपोर्ट नहीं दी है। मान-यी एक महीने से भी कम समय में फिलीपींस में आया छठा शक्तिशाली तूफान है। यह इस साल फिलीपींस में आने वाला 16वां उष्णकटिबंधीय चक्रवात है। लगातार आए चक्रवातों ने भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के साथ लूजोन और द्वीपसमूह के अन्य हिस्सों में तबाही मचा दी। मान-यी के आज दोपहर को फिलीपींस से बाहर निकलने की उम्मीद है।



## मिलिशया संघर्ष में 150 अर्धसैनिक लड़ाकों की मौत

**पोर्ट सूडान, (एजेंसी)।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में मिलिशिया संघर्ष में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के 150 लड़ाके मारे गए है। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने रविवार को यह जानकारी दी। एल फशर में एसएएफ के छठीं इन्फेंट्री डिवीजन की कमान ने एक बयान में कहा, हमारे बल एल फशर के दक्षिण-पूर्व में दो घंटे से अधिक समय से लगातार लड़ाई में लगे हुए हैं। बयान में कहा गया है, अब तक कई मिलिशिया ठिकानों पर कब्जा कर लिया गया है ।

**राहुल गांधी ने धारावी का नक्शा दिखा केंद्र सरकार को घेरा**

## पीएम मोदी के प्रोजेक्ट अडानी को लाभ और जनता को नुकसान पहुंचाने वाले

**मुंबई, (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान कहा कि पीएम मोदी के प्रोजेक्ट अडानी को लाभ पहुंचाने और जनता का नुकसान करने वाले हैं। इस आशय की बात उन्होंने मुंबई में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही और जनता से वोट की अपील की है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मध्य कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और पीएम मोदी के उद्योगपतियों से संबंधों को लेकर घेरा और कहा कि इनके प्रोजेक्ट से धारावी की जनता को नुकसान होगा। इसी दौरान राहुल ने एक तिजोरी खोली और दो पोस्टर भी लहराए, जिनमें से एक में पीएम मोदी और अडानी की तस्वीर नजर आई तो वहीं दूसरे पोस्टर में धारावी का नक्शा नजर आया। दरअसल राहुल गांधी ने सोमवार को मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। प्रेसवार्ता के दौरान ही उन्होंने एक तिजोरीनुमा अलमारी से पर्दा उठाया और उसका लॉक खोला। इस अलमारी से राहुल ने दो पोस्टर निकाले।



## भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में कैलाश गहलोत को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सदस्यता दिलाई है। वहीं इस दौरान दिल्ली भाजपा के कई वरिष्ठ नेता वहां मौजूद रहे। इस दौरान कैलाश गहलोत ने कहा कि मैंने आजतक किसी के दवाब में कोई काम नहीं किया है। जितनी भी ऐसी बातें मुझे सुनने में आ रही है कि मैंने ये सीबीआई के दवाब में ऐसा किया या किसी और दवाब में किया ये गलत है। यह निर्णय एक दिन का नहीं है।

**हारते ही बाइडेन ने दी जेलेंस्की को खुली छूट**

## Russia पर अब बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला करेगा यूक्रेन

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** रूस यूक्रेन जंग के बीच अमेरिका ने बड़ा फैसला ले लिया है। खबरों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 19 जनवरी 2025 को पूरा होने वाले कार्यकाल से पहले ही यूक्रेन को रूस पर अटैक के लिए मिसाइल के इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन को बताया है कि वो रूस के अंदर सीमित हमलों के लिए अमेरिका के आर्मी टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम का इस्तेमाल कर सकता है। आर्मी टेक्टिकल सिस्टम (एटीएसीएमएस) एक सुपरसॉनिक बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम है और इसका निर्माण अमेरिकी डिफेंस कंपनी करती है। रूस यूक्रेन के बीच 33 महीने से जंग जारी है। दोनों देशों के बीच के संघर्ष में अब तक हजारों लोगों की मौत हुई है। जबकि लाखों लोग जख्मी हुए हैं। स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद 17 नवंबर की रात भर में यूक्रेन के कई क्षेत्रों में कम से कम सात लोग मारे गए और 19 घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने हमलों को बड़े पैमाने पर संयुक्त हमले के रूप में वर्णित किया। यूक्रेन की तरफ से दावा किया गया कि रूस की तरफ से किए गए अटैक में कम से कम 120 मिसाइलें और 90 ड्रोन शामिल थे।



## बालाघाट में कुंदुल नक्सल मुठभेड़ः घायल जवान का स्वास्थ्य जानने मुख्यमंत्री के निर्देश पर गोंदिया पहुंचे डीजीपी

**भोपा, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस नक्सल उन्मूलन अभियान में पूरे प्राणपण से जुटी हुई है। इसी नक्सल विरोधी अभियान अंतर्गत रविवार 17 नवबंर को बालाघाट जिले के थाना रूपझर अंतर्गत चौकी सोनगुड्डा के ग्राम कोद्दापार, कुन्दल जंगल क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान हॉकफोर्स और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई।पुलिस - नक्सल मुठभेड़ में जवान श्री शिव कुमार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस की जवाबी कार्रवाई से नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना 17 नवंबर को कुंदुल जंगल क्षेत्र में हुई नक्सली मुठभेड़ में घायल हुए जवान शिव कुमार शर्मा के स्वास्थ्य का जायजा लेने आज 18 नवंबर को राज्य शासन के हैलीकॉप्टर से गोंदिया अस्पताल और बालाघाट पहुंचे इस दौरान एडीजी इंटेलिजेंस श्री योगेश देशमुख तथा आईजी लॉ एंड ऑर्डर श्री अंशुमान सिंह भी साथ रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी दूरभाष पर चिकित्सकों से बातचीत कर घायल जवान को सर्वोत्तम इलाज देने के निर्देश दिए और राज्य सरकार की ओर से पूरी चिकित्सा वहन करने का आश्वासन दिया।



### मुख्यमंत्री का तत्परता से संवेदनशील कदम

घटना के तुरंत बाद, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घायल जवान के इलाज के लिए चिकित्सकों से दूरभाष पर बातचीत की और उन्हें हर संभव उपचार देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जवान का पूरा इलाज राज्य सरकार वहन करेगी, और राज्य सरकार उनके परिवार के साथ खड़ी है।

### सरकार का सुरक्षा बलों के साथ खड़ा होने का संकल्प

डीजीपी श्री सुधीर सक्सेना, एडीजी इंटेलीजेंस श्री योगेश देशमुख, और आईजी एलओ श्री अंशुमान सिंह ने बालाघाट में सीआरपीएफ, कोबरा, और हॉकफोर्स के अधिकारियों के साथ घटना की समीक्षा बैठक की। नक्सल विरोधी अभियानों तथा समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होने विषम परिस्थितियों में रहकर भी साहस तथा समर्पण के साथ कार्य करने वाले इन जवानों की प्रशंसा की तथा मनोबल बढाया। डीजीपी ने कहा कि इस प्रकार के जोखिमपूर्ण ऑपरेशनों में सुरक्षा बलों की सफलता मेहनत और रणनीति का परिणाम है। पिछले पांच वर्षों में सुरक्षा बलों ने 20 प्रमुख नक्सलियों को मार गिराया और 1.52 करोड़ रुपये के 6 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

### घायल जवान के उपचार की निगरानी

समीक्षा बैठक के बाद डी.जी.पी. श्री सक्सेना गोंदिया स्थित यूनाइटेड हॉस्पिटल पहुंचे, जहां घायल जवान का इलाज चल रहा है। उन्होंने चिकित्सकों से चर्चा करते हुए जवान के इलाज की प्रक्रिया की जानकारी ली और उन्हें सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही, यह भी बताया कि मध्यप्रदेश सरकार पूरी तरह से जवान के साथ है और उनका उपचार राज्य सरकार के द्वारा किया जाएगा।

### सुरक्षा बलों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता

डीजीपी श्री सक्सेना ने घटना के बाद पुलिस बल के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार हमेशा जवानों के साथ खड़ी है। डीजीपी ने जवान के परिजनों से बात कर जवान शिव कुमार शर्मा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और यह आश्वस्त किया कि सरकार उनका हर संभव समर्थन करेगी।

## सुविचार



दिग्भ्रमित लोगों को समझाने की हर कोशिश जब नाकाम हो जाए तो बुद्धिमानी इसी में है कि चुप्पी साध ली जाए। वक्त आने पर वे खुद समझ जाएँगे बहुत कुछ खोने के बाद।

**निर्मल कुमार दे**
**जमशेदपुर**

## बच्चों के लिए



घर में पिछले दिन से न आटा था और न ही कुछ और था खाने के लिए ।मुफलिसी के दिन थे । छोटे-छोटे दो बच्चे और पत्नी थी । खुद के समेत चार जनों के लिए रोज रोटी तैयार करना खाला जी का बाड़ा नहीं था । यूं तो गांव में रहते थे लेकिन घर के अलावा इंच भर जमीन नहीं थी । पिछले कई दिनों से उसकी दिहाड़ी नहीं लग रही थी । फिर भी परिवार के लिए रोटी का जुगाड़ करना तो उसका ही दायित्व था । उस जमाने में मिट्टी के बर्तन हुआ करते थे, जिसे पहाड़ी में पारू कहते थे । वह पारू लेकर दूसरे गांव चला गया । वहां से उसने लस्सी व कुछ आटा मांगा । आटा व लस्सी लेकर जैसे ही वह वापस घर आ रहा था रास्ते में रीछ ने उस पर हमला कर दिया। उसने जोर-जोर से आवाजें दीं।गांव के लोग इकट्ठा हो गए।रीछ उसे छोड़कर भाग गया। वह लहू लोहान हुआ रीछ के हमले से बहुत बुरी तरह घबरा गया था । उसके चेहरे पर आईं खरोंचें व उसकी घबराहट देख कर सभी गांव वाले उसके साथ संवेदना प्रकट कर रहे थे और उसे हौसला दे रहे थे । कुछ देर बाद जैसे ही उसकी घबराहट कम हुई। उसे घर में बैठे भूखे बच्चों का ख्याल आया। उसने इधर-उधर देखा उसे अपनी लस्सी का बर्तन व आटा कहीं नजर नहीं आया । वह फूट-फूट कर रोने लगा । उसने कहा -मेरा लस्सी का पारू व आटा ? तब भीड़ में से किसी ने कहा- मैंने तुम्हारा पारू व आटा उठाकर संभाल लिया है । लो यह रहा तुम्हारा आटा व लस्सी का बर्तन...। वह रीछ की दी खरोंचों का दर्द भूल गया । उसकी आंखों में उसके बच्चे रोटी खाते हुए तिरने लगे थे।

**अशोक दर्द**
**डलहौजी चंबा हिमाचल प्रदेश**

## शब्द नहीं थे



तनिक तेज तर्रार, पर बहुत सुंदर थी हिमांशी। इस साल एम कॉम फाइनल में थी। रोज की तरह आज अपनी छत पर गयी। हाथ में गीले कपड़े वाली बाल्टी थी। अलगसनी पर कपड़े डाल रही थी; तभी बगल के मकान की छत पर खड़े एक लड़के पर उसकी नजर पड़ी। उसे लगा कि वह लड़का उसे घूर रहा है। मुँह बनाते हुए छत से उतरी। छत पर दोनों अक्सर एक-दूसरे को देख ही लेते थे। लड़के को हिमांशी को देख लेना अच्छा लगता था। आज वह लड़का हिमांशी को कॉलेज में भी दिख गया। लड़का हिमांशी के पास आया। मुस्कुराते हुए कहा- आप इसी कॉलेज में हैं ? क्या नाम है आपका ? हिमांशी उबल पड़ी- शट् अप। मैं अच्छी तरह समझती हूँ तुम जैसों को। मुझे भी ऐसी-वैसी न समझना। कंधे से दुपट्टा झटकारते हुए वहाँ से चलने लगी। आप मुझे गलत समझ रही हैं। आपको देखने से मेरे अंतस को बड़ा सुकून मिलता है, क्योंकि आप हू-ब-हू मेरी उस बड़ी बहन जैसी हैं, जो अब इस दुनिया में नहीं रही। और कोई बात नहीं है। मैं बी एस-सी फर्स्ट ईयर में हूँ। लड़के ने अपने पर्स से निकाल कर हिमांशी को अपनी बड़ी बहन की फोटो दिखाई। लौटते हुए उस लड़के के लिए हिमांशी के पास कोई शब्द नहीं थे।

**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**

### कहानी

## दहेज़




आइये राम लाल साहिब स्वागत है अभिनंदन है आपका मेरे गरीबखाने में अरे गौरा देखो तो अपनी पत्नी से कहते हुए कोष्टी साहिब कौन आया है आज आपकी बेटी का मतलब अपनी बेटी का रिश्ता पक्का करने को , अरे आती हूँ! गौरा सभी के लिए पानी लेकर आती है और देखकर अचंभित हो जाती है ! राम लाल साहिब का बेटा तो प्रशासनिक सेवा में उच्च पद पर है , पर न जाने अब क्या मुँह खोलेंगे इसी बात को सोचकर किचिन की ओर चली जाती है। कहिए राम लाल साहिब जी कैसे हैं आप । बढ़िया है कोष्टी साहिब। तो फिर काम की बात की जाए बिल्कुल कीजिए वैसे राम लाल साहिब लगभग बात तो हो चुकी है पर अब क्या शेष रह गया मेरी समझ में नहीं आ रहा । चलो तो मैं समझाता हूँ अब उत्तेजित होकर एवं ऊंचे स्वर में बोलते हुए मैंने लाखों रूपये अपने बेटे की शिक्षा में लगाएँ है अभी हाल ही में एक करोड़ का फ्लेट खरीदा है उसके लिए गाड़ी भी उसके पास फारच्यूनर है इसका शायद आपको कोष्टी साहिब कुछ पता नहीं है । और कुछ रह गया हो तो राम लाल साहिब वह भी फौरन बता दीजिए शायद फिर बताने का मौका न मिले । ये कैसी बात कर रहे हैं कोष्टी साहिब मेरा मजाक उड़ा रहे हैं क्या! अरे मैं क्यों मजाक उड़ाऊँ आप स्वयं अपने मुँह से मजाक के पात्र बन रहे हैं यह सब बता कर । क्या कह रहो हो कोष्टी साहिब! तो सुनो राम लाल साहिब? मैंने अपनी बेटी को भी उच्च शिक्षित कर उच्च पद तक पहुँचाया है क्या उसमें मैंने अपनी लागत नहीं लगायी बैंक से शिक्षा लोन लिया एक प्लाट बेच दिया इसकी माँ को गहने नहीं खरीदे पर बेटी को काबिल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी यही सोच कर कि वह जिस भी घर में जाएगी उस घर को रोशन करेगी उस घर का वंश बढ़ायेगी और आप राम लाल जी मुझे ये गिना रहे हो तो अब आप प्रस्थान कर सकते है ये सब मैंने स्वयं के लिए नहीं किया आप के लिए ही किया था यदि यह समझ में नहीं आ रहा हो तो और समझाऊँ। अरे बस बस कोष्टी साहिब मुझे सब समझ में आ गया आज दस तारीख है तैयार रहिए तीस तारीख को बारात लेकर आपके दरवाजे पर मिलूँगा और इतना कह कर राम लाल जी चुपचाप निकल गए ।

**एल एन कोष्टी**
**गुना म प्र**

### कहानी

# बहते लोर



खैरी गैया की आँख से बहते आँसू देख अचानक से बासु चौंक उठा था । तत्काल उसे समझ में नहीं आया कि वो उसको देख रोने लगी है या पहले से ही रो रही थी । सुबह उसकी श्रीमती जी ने उसे घर के बाहर एक खूंटे से बांध कर थोड़ी सी पुआल उसके सामने डाल दी थी । जिसे खाना तो दूर उसे उसने सूंघा तक नहीं था । पुआल ज्यों का त्यों एक तरफ पड़ा हुआ था । बासु सोच में पड़ गया, यह पुआल खा क्यों नहीं रही है ? पहले तो ऐसा नहीं देखा गया । फिर आज इसे क्या हुआ ? बार-बार उसकी ओर इस तरह क्यों देख रही है ? बासु का मन व्याकुल हो उठा, उसके अंदर सवाल उठना स्वभाविक ही था । घर आकर उसने पत्नी से कहा - अरी,सुनती हो, खैरी गैया को बाहर काहे बांध दी ? पुआल खाने की बजाय टपर-टपर आँसू बहा रही है ! सीधे- सीधे कहें तो रो रही है । और यहां भूतनिया मजे से लपसी( मकई घठा) सना कुटी खा रही है ! क्या कहा, ओ रो रही है ? नहीं- नहीं, उसकी आँख लोरा रही होगी,तुमको लगा, रो रही है..। पत्नी ने कहा ।

मुझे लगा,बाहर बांध दी है,रूखा- सुखा पुआल खाने दे दी है,सो रो रही है । खैरी गैया की आंख से बहते आँसू देख बासु को अकस्मात अपनी मरहूम मां की याद आ गई । जिसे गुजरे कई बरस गजर चुके थे। पर बासु को लगता आज भी मां की वजूद घर के कोने कोने में मौजूद है और मरने के बावजूद बेटे पर उसकी नजर है । आज भी गांव में लोग चर्चा करते और कहते हैं कि मां बेटा दोनों शरीर से भले अलग हुए है, पर मन से आज भी दोनों एक दूसरे से बातें करते है- बतियाते है । मां की कृपा से ही बासु हर मुसीबत से बचता आ रहा है । मां की आशिर्वाद से वह उस दिन ट्रक से धक्के खाकर भी सही-सलामत बच गया था । हेल्मेट ने भी सर को फटने से बचा लिया था,वरना ऐसे धक्के से लोग कहां बच पाते हैं..। ऐसा गांव में लोग आज भी चर्चा करते हैं । सो आज भी बेटा मां की पूजा करता है । जब वह जीवित थी तभी एक दिन उसी मैया को बेटे ने चुपके से रोते देख लिया था और वह कांप उठा था । कहां कमी हुई सेवा में ? किस वेदना ने मां को रूला दिया ? तत्काल उसके मन में कई सवाल उठे थे । तुरन्त मां के रोने का उसे पता नही चल सका था । बहुत पूछने पर भी मां ने केवल इतना ही कहा था कुछ बात नाय है बेटा आँख में खटिका( तिनका) घूस गया था ,उसी से लोरा रहा था..। मां की कही बातों पर बासु को जरा भी यकीन नही हुआ था । उसे लगा मां उससे कुछ छिपा रही है । बासु रोजाना आठ बजे काम पर निकल जाता था । चलकरी के एक ग्रामीण बैंक में वह रोकडिया था । उसके पीछे घर में क्या कुछ होता था । शाम को घर लौटने पर ही कुछ कुछ वह जान पाता तो कुछ से अनजान ही रह जाता था । सो महीना दिन बाद भी वह मां के आँसू का सही कारण जान नहीं सका । जो कि जानना उसके लिए बेहद जरूरी था । तब उसने एक चाल चली । उसको जो अंदेशा था । जिस बात की तरफ उसका मन बार-बार दौड़ लगा रहा था ।

उसे वह अपनी आंखों देखना चाहता था । पत्नी की भी परख करनी थी । शादी हुए दोनों का दस साल गुजर गया था । परखने का उसे कभी मौका नहीं मिला था ।

मां का खाने का समय उसे पता था । बिना नहाए धोए वो अनाज का एक दाना भी मुंह में नहीं डालती थी । यह उसकी बहुत पुरानी आदत थी । उसके जन्म जैसी पुरानी । उस दिन वह काम के नाम पर घर से निकला तो जरूर परन्तु काम पर गया नहीं और मोटरसाइकिल गांव के पोस्ट ऑफिस के सामने खड़ा कर पुन = वापस घर लौट आया और पिछवाड़े वाले रास्ते से घर में चुपके से समा गया । उसका अनुमान और अंदेशा दोनों सही निकला । जब घर के ढ़ाबे में अचानक उसने कदम रखा । और मां को बासी रोटी- सब्जी खाते देखा तो उसका पूरा वजूद हिल उठा । मां उसके लिए सारा जहां थी । मां खुश तो उसकी दुनिया खुश । उसका सारा संसार खुश ! उसके आगे कोई तीरथ,कोई धाम-वाम नहीं । सारे तीर्थों की धाम उसकी मां थी । ऐसा वह कहता और मानता भी था । बासु जब आठ- दस साल का था तभी बाहर मजदूरी करने गये बाप को एक ट्रक ने कुचल दिया था । उस दौर को मां ने कैसे झेला था। बासु उस स्मृति को याद कर आज भी रो पडता है । दूसरों के खेत-खलिहानों में काम कर मां ने बड़ी उम्मीद से उसे पढ़ाया लिखाया था । बेटे के प्रति मां की अनजान हसरतें उसे हमेशा कुछ नया करने को उत्प्रेरित करती थी । तब वह अक्सर कहा करती बस बेटा दुनिया दारी के काबिल हो जाए ।

कभी-कभार तो वह खुद नहीं खाती पर बेटे को कभी भूखों सोने नहीं देती थी । बासु जैसे जैसे बड़ा होता गया,उसकी दिमाग समझदार होता गया । कभी उसने मां से ऐसी कोई मांग नहीं की,जिसे पूरा करने के लिए मां सावित्री महतवाईन को किसी के आगे गिड़गिड़ाना पड़े । कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उसने कभी मां को रोते हुए नहीं देखा था । सारा गांव गवाह था । मां- बेटा, दोनों एक दूसरे के लिए हवा- पानी की तरह थे । उसी मां को बासी खाना देकर आरती ने जैसे पहाड सा गुनाह कर दिया था । उस दिन अचानक बेटे को सामने पाकर मां भी मुंह चलाना भूल गई। सब्जी से लिपटी रोटी वाले हाथ, हाथ में ही पकड़ी,एकटक बेटे को देखती रही, उसे भक मार दिया था । भीतर से आवाज आई सावित्री,यह तुमने क्या कर लिया..? जिस बेटे को पालन-पोषण करने,उसकी पढ़ाई-लिखाई के लिए हर मुसीबत को हँसते हँसते झेला,पर कभी उफ्फ तक नहीं की और आज एक मामूली सी बासी रोटी- सब्जी ने तुम्हें रूला दी..? तुम बहु से बोल कर साफ मना कर सकती थी ।बहु तो तुम्हारी ही पसंद की थी । इसी बहाने उसकी परीक्षा भी हो जाती,वो तुम्हें कितना मानती है ? तुम्हारी सेहत का उसे कितना ध्यान है ? ऐसा न कर तुम मन ही मन घुटने लगी..? यह मैने क्या कर लिया..? सावित्री महतवाईन बुदबुदा उठी थी । आरती..आरती..! उधर बासु चीखा था । क्या हुआ ? अरे,आप तो काम पर गये थे । कब लौट आए..?

मैं पूछता हूँ, रात का बचा हुआ यह खाना कब से मां को दे रही है ? जबकी तुम्हें मालूम है । इन्हें गठीया रोग है और डॉक्टर ने इसे बासी चींजे खाना से मना किया हुआ है..।

आरती ने कोई जवाब नहीं दिया । उसे तत्काल कोई उत्तर नहीं सूझा । निरूत्तर खड़ी रही । बहुत कम को पता था । आरती मां की पसंद से ही इस घर में बहु बन कर आई थी । और बेटे ने उसे मां का परसाद समझ ग्रहण कर लिया था । इसके पहले सास- बहु में कभी कोई तकरार हुई हो, घर में क्या ,मुहल्ले में भी किसी को पता नहीं था । आरती सास की चहेती बहु थी । इस घर में आकर उसने आज तक ऐसा कोई काम नहीं किया था, जिससे सास- बहु में मुंह ठोना-ठानी हुई हो, या दोनों के बीच कभी मुंह बजा हो । एक स्वाभिमान सास की एक आदर्श बहु के रूप में वह पूरे गांव में जानी जाती थी । यह बासी सब्जी- रोटी की बात अगर बाहर निकली नहीं कि उस इमेज पर पर दाग लगना निश्चित था - इकलौती आदर्श बहु सास को बासी खाना देने लगी...। गांव वालों को मुंह बजाने का सुनहरा मौका मिलना तय था । जो आज तक नहीं मिला था । आरती को अपनी गलती का एहसास हुआ। उसकी आँखों में आँसू आ गए । इससे पहले कि सावित्री महतवाईन कुछ बोले । आरती ने आगे आकर कहा सॉरी बासु, मैं डॉक्टर वाली बात भूल गई थी । आगे से ऐसी गलती नहीं होगी - आई प्रोमिस..! आसु, आज भी मैं तुम्हें बहुत चाहता हूँ । लेकिन हमारे प्यार से कहीं अधिक ऊंचा मां का प्यार है, इसका घर संसार है । इनके बगैर मैं जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता हूं । उसी मां की आँखों में आँसू..मैं देख नहीं सकता हूँ आसु ! बासु क्षमा कर दो..। आरती बासु से लिपट गई थी । मां बोली - रहने दो न बेटा, इसमें बहु का कोई दोष नहीं है । जो बच जाता था, ओ फेंका न जाए सो कभी-कभार खा लेती थी । रोज थोड़े न खाती हूँ. .। अब रात को उतनी ही रोटी- सब्जी बनाओ जितना में हम तीनों का पूरा पूरा हो जाए..।

इस तरह बासी सब्ज़ी- रोटी का गर्भपात होने से पहले सास-बहु ने मूल घाव का ही इलाज कर दिया था । फिर एक बार गांव वाले एक चटपटी खबर सुनने से वंचित रह गए थे । सावित्री महतवाईन की तरह खैरी गैया भी बासु के जीवन में अहम स्थान रखती थी । दोनों में लगाव ही ऐसा हो गया था । लगातार ढाई साल से वह दूध देती चली आ रही थी । सुबह - शाम, दोनो टाइम । कभी एक किलो तो कभी डेढ़ किलो । दूध देने से कभी उसने मना नहीं की । कभी किसी को लात नहीं मारी, न दुहते वक्त कभी टांग उठाई । कोई भी उसका दूध निकाल ले, उसने कभी कोई आपत्ति नहीं की । उसका ढ़ाई साल का बेटा मंगरा अब दूसरी गाय-बाछियों के पीछे दौड़ने लगा था । उसकी मूत- च्युत चाटने- सूंघने लगा था । कभी- कभी उसकी मां उसका कान- कपार चाटती और शायद समझाने की कोशिश करती, कहती अभी से ही इस तरह मत दौड़ा करो,गिर बजर जाओगे ,शरीर का नुकसान होगा..।

पर मंगरा मां की बात नहीं मानता और उल्टे वह मां की गर्दन पर ही अपने दोनों पैर लाद देता और ओं ! ओं ! करने लगता था । मां उसे झिड़क देती थी । ठिसुआ कर वह मां का मुंह चाटने लगता था ।

पिछले माह से वही खैरी गैया ने दूध देना बंद कर दी थी। और ठीक उसके चार दिन बाद भूतनिया ने एक बछड़े को जन्म दी । भूतनिया खैरी गैया की ही बेटी थी । पर उसका मन- मिजाज बिलकुल ही अलग था । मां को आँख और सिंग दिखाती दूर- दूर कह भगाती ।

बेटी होकर भी मां को अपने साथ खाने नहीं देती थी । फिर क्या, आरती ने पागहा( जोरंड़) और जगह दोनों का बदल दी । जहां पहले खैरी गैया बंध कर लपसी- कुटी खाया करती थी, अब उस जगह और खान-पान भूतनिया ने हथिया ली और खैरी गैया को बाहर जाना पड़ा था । और यह सब दूध का लेन-देन को लेकर हुआ था । तभी से खैरी गैया उदास- उदास रहने लगी थी । बाहर चरने भी जाती तो बाकियों को उधर ही छोड़कर अकेले घर लौट आती थी । और दरवाजे के बाहर खड़ी होकर टुकुर- टुकुर ताकती रहती और अच्छे दिन को याद कर मन ही मन रोती रहती । परन्तु उसका रोना घर में अब किसी को नहीं दिखता । अगर बासु घर में होता तो तुरंत उसे नमक- पानी पीने को मिल जाता । वह एक ही सांस में सारा पानी पी जाती और तब सामने खड़े बासु के हाथ खुशी- खुशी चाटने लगती थी । यह सब बासु को बहुत अच्छा लगता । खैरी गैया को वह भी बहुत पसंद करता धा । यदा- कदा अपने हाथों उसे कुछ न कुछ खिलाते रहता था । कभी रोटी,कभी जूठन भात । खैरी गैया मजे से खाती । आखिर बासु ने भी तो मंगरा जैसा उसका दूध कई बरसों से पीता आ रहा था । सो खैरी गैया के प्रति बासु का लगाव मां जैसा ही था । लेकिन बासु हर वक्त घर में नहीं होता। काम से लौटकर वह संध्या घूमने चला जाता था । ऐसे में घर लौटी खैरी गैया की आंखें अक्सर बासु को ढूंढती, उसकी तलाश करती थी । लेकिन बासु को ना पाकर वह यदा कदा निराश भी हो जाती थी । थोडी देर बाद आरती भी बाहर गयी और खैरी गैया की झर- झर बहते आंसू को देख आयी । फिर घर आकर उसने बासु से कहा सचमुच खैरी गैया रो रही है ! पुआल तो उसने खाया ही नहीं..!

बासु से खड़ा रहा नहीं गया । उसे लगा बाहर खैरी गैया नहीं- मां रो रही है ! मां की कही बात याद आने लगी माय और गाय को कभी रूलाना नहीं, बड़का जबर हाय लगेगा...! खैरी गैया में बासु को मां चेहरा दिखने लगा । वह बाहर की ओर दौड़ पड़ा । खैरी गैया ने ड़बड़बाई आंखों से बासु को आते देखा । वह पूंछ हिलाने लगी और पैर आगे- पीछे करने लगी ।

बासु दौड़ जाकर गैया से लिपट गया । वह भी रो पड़ा । उसने झट से गैया को बंधन मुक्त कर दिया और घर ले आया । पहले उसने अलग से एक तसले में कुटी डाला,फिर बची हुई मकई लपसी उसमें डाल कर मिला दिया । खैरी गैया मजे से उसे गबर- गबर खाने लगी..। उसका बहता लोर ( आँसू) और भी बहने लगा । यह खुशी का लोर था । बसु अपनी झिलमिलाती आँखों में खैरी गैया के रूप में मां को देख रहा थाज!

**श्यामल बिहारी महतो**
**बोकारो,झारखंड**
**फोन नम्बर 6204131994**

# बुलडोज़र कार्रवाई न्याय नहीं नफ़रत व कुंठा की पराकाष्ठा

भारतीय राजनीति का स्वरूप अब बदल चुका है। अब हाथ जोड़कर विनम्रता प्रदर्शित करते नेताओं का युग शायद चला गया। कम से कम आज के दौर के नेताओं के तेवर उनके मुंह से निकलने वाले जहरीले शब्द बाणों, उनकी नीयत व कार्यशैली आदि को देखकर तो यही लगता है। ख़ासतौर पर गत एक दशक से जब से दक्षिणपंथी शक्तियों के हाथों में देश की सत्ता आई है तब से केंद्र व अनेक राय सरकारों द्वारा कई ऐसे फ़ैसले लिये गये जिनके कारण देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में भारतीय तर्ज़-ए-सियासत की खूब आलोचना हुई। भारतीय जनता पार्टी शासित विभिन्न राज्य सरकारों का ऐसा ही एक मनमाना व अमानवीय निर्णय था बुलडोज़र न्याय ।

हालांकि देश की विभिन्न अदालतों द्वारा पहले भी इस विषय पर संज्ञान लिया जा चुका है। परन्तु पिछले दिनों देश के सर्वोच्च न्यायलय ने इस सम्बन्ध में नये व सख़्त दिशा-निर्देश के जारी किये और कहा कि उसका यह आदेश हर राज्य में भेजा जाए और सारे अधिकारियों को इसके बारे में बताया जाए। सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की दो जजों की पीठ ने कहा है कि किसी व्यक्ति के घर या संपत्ति को केवल इसलिए तोड़ना कि वह अपराधी है या उन पर अपराध के आरोप हैं, क़ानून के ख़िलाफ़ है। न्यायालय ने कहा कि घर या कोई जायदाद तोड़ने से पहले कम से कम 15 दिन का नोटिस देना होगा। अगर किसी राज्य के क़ानून में इससे लंबे नोटिस का प्रावधान हो तो उसका पालन करना होगा। यह नोटिस रजिस्टर्ड पोस्ट से देना होगा। इसके साथ ही कथित ग़ैर क़ानूनी ढांचे पर भी इस नोटिस को चिपकाना होगा। नोटिस पर पहले की तारीख़ न दी जाए। इसके लिए नोटिस की एक कॉपी कलेक्टर/ ज़िला मजिस्ट्रेट को भी ईमेल पर भेजनी होगी।

सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश में कहा गया है कि नोटिस में ये भी लिखना होगा कि कौन से क़ानून का उल्लंघन हुआ है,इस मामले में सुनवाई कब होगी। और जब सुनवाई हो तो उसका पूरा विवरण भी रिकॉर्ड करना होगा। न्यायालय के दिशा-निर्देश में यह भी कहा गया है कि सुनवाई करने के बाद अधिकारियों को अपने आदेश में वजह भी बतानी होगी। इसमें ये भी देखना होगा कि किसी संपत्ति का एक हिस्सा ग़ैर क़ानूनी है या पूरी संपत्ति ही ग़ैर क़ानूनी है। न्यायालय




के अनुसार यदि तोड़-फोड़ की जगह, जुर्माना या और कोई दंड दिया जा सकता है तो वह दिया जाएगा। और यदि क़ानून में संपत्ति तोड़ने या गिराने के आदेश के ख़िलाफ़ कोर्ट में अपील करने का प्रावधान है तो उसका पालन किया जाना चाहिए। दिशा-निर्देश के मुताबिक़ अगर ऐसा प्रावधान नहीं भी है, तो आदेश आने के बाद संपत्ति के मालिक/मालकिन को 15 दिन का समय मिलेगा ताकि वे स्वयं ही ग़ैर क़ानूनी ढाँचे को सही कर लें। यदि ऐसा नहीं हो, तब ही इसे तोड़ने की कार्रवाई की जा सकती है। बुलडोज़र न्याय को लेकर आये सर्वोच्च न्यायालय के इन राहत भरे निर्देशों के बाद अब यह माना जा रहा है कि इस महत्वपूर्ण फ़ैसले से बुलडोज़र से की जा रही वि?ध्वंलस की ग़ैर-क़ानूनी कार्रवाइयों पर अब रोक लगेगी। ग़ौरतलब है कि उत्तर प्रदेश,उत्तरांचल,मध्य प्रदेश,राजस्थान,असम,हरियाणा जैसे अनेक भाजपा शासित राज्यों में गत एक दशक के दौरान सैकड़ों घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बुलडोज़र न्याय के नाम पर ज़मींदोज़ किया जा चुका है। सरकारें व प्रशासन खुद ही न्यायलय की भूमिका अदा करता रहा है। किसी के मकान को इसलिये ध्वस्त कर दिया गया कि वह किसी आरोपी का मकान है। तो किसी मकान या भवन को इसलिये गिरा दिया गया कि वह अनधिकृत निर्माण है,उसके पास नक़्शा व निर्माण की अनुमति नहीं है,आदि। दरअसल इस तरह की कार्रवाई से पहले मौजूदा सत्ताधीश के तेवर व उनके शब्दों पर यदि ग़ौर करें तो स्वयं ही साफ़ हो जाता है कि सरकार व प्रशासन द्वारा बुलडोज़र कार्रवाई कोई न्याय की मिसाल क़ायम करने के लिये नहीं की जाती थी। बल्कि इसके पीछे साम्प्रदायिक व जातिवादी कुंठा काम कर रही थी। यही वजह है कि पूरे देश में अब तक जितनी भी बुलडोज़र कार्रवाइयां हुई हैं उनमें सबसे अधिक भवनों का ध्वस्तीकरण एक ही समुदाय के लोगों का ही हुआ है। हद तो यह है कि मध्य प्रदेश में एक घटना तो ऐसी भी हुई कि एक आरोपी किसी किराये के मकान में रहता था। परन्तु इस कुंठाग्रस्त सरकार व प्रशासन ने नफ़रत की आग में जलते हुये उस मकान को भी ध्वस्त कर दिया। जहाँ तक अवैध निर्माण बताकर किसी भवन को गिराने का विषय है तो इस सम्बन्ध में समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा में उठाये गये इस सवाल की भी अनदेखी नहीं की जा सकती जिसमें वे कई बार पूछ चुके हैं कि क्या उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री निवास का नक़्शा पारित है ? यदि है तो कहाँ है,किसके पास है,किसने देखा है ? अखिलेश के कहने का मतलब साफ़ है कि जिस भवन में बैठकर लोगों के भवन अवैध बताकर गिरवाये जा रहे हैं वही भवन अवैध रूप से निर्मित है। परन्तु दरअसल बुलडोज़र न्याय के पीछे मक़सद न्याय का हरगिज़ नहीं बल्कि यह कार्रवाई सत्ताधीशों के मुंह से समय समय पर निकलने वाले उनके शब्द बाणों को ही अमल में लाने का एक तरीक़ा है। अन्यथा आज तक इतिहास में किसी मुख्यमंत्री ने हम मिट्टी में मिला देंगे, ठोक देंगे,गर्मी उतार देंगे,बक्कल उतार देंगे,बंटेंगे तो कटेंगे जैसे निम्नस्तरीय शब्दों का प्रयोग नहीं किया।

अब जबकि अदालत स्वयं यह कह चुकी है कि - किसी भी सभ्य समाज में बुलडोज़र के ज़रिए इंसाफ़ नहीं होना चाहिए, ऐसे में सत्ताधीशों को भी सोचना पड़ेगा कि वे भी स्वयं को एक सभ्य समाज के सभ्य नेता के रूप में पेश करें। धर्म जाति के अनुसार या इसके मद्देनज़र पक्षपात पूर्ण या विद्वेषपूर्ण फ़ैसले लेना निष्चित रूप से किसी सभ्य समाज के सभ्य नेता की पहचान हरगिज़ नहीं।

सर्वोच्च न्यायायलय के फ़ैसले से एक बार फिर स्पष्ट हो गया है कि बुलडोज़र कार्रवाई न्याय के लिये नहीं बल्कि यह नफ़रत व कुंठा की पराकाष्ठा है।

**संपर्क - 9896219228**
**तनवीर जाफ़री**

# सड़क हादसे में मृतकों को दीप जलाकर दी श्रद्धांजलि

## शांत मन व धैर्यवत होकर वाहन चलाएं





**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** गाड़ी कितनी भी अच्छी कंपनी की हो, उसमें अनेकों सुविधायें हो लेकिन जब तक वाहन चलाने वाले चालक का मन अच्छा ना हो तब तक यात्रा सुरक्षित नहीं हो सकती। मन में तनाव, चिंता, फिकर का बोझ लेकर जल्दबाजी में वाहन चलाने तथा सड़क सुरक्षा के नियमों की अवहेलना करने से रोड एक्सीडेंट होने की संभावना बढ़ जाती है। नियमों की जानकारी होते हुए भी व्यक्ति उसके प्रति जागरूक नहीं होता और वह सड़क दुर्घटना का शिकार होकर अमूल्य जीवन को गवा देता है। अतः जीवन की रक्षा के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करें। उक्त विचार ब्रह्माकुमारीज़ के प्रेम नगर स्थित अनुभूति भवन में सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों की याद में विश्व यादगार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ के यातायात एवं परिवहन प्रभाग की जोनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी अनीता दीदी ने मुख्य वक्ता के रूप में रखें। इस अवसर पर महू नाका ट्रैफिक थाने के एसीपी संतोष कॉल ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियम हमारी रक्षा के लिए बनाए गए हैं, इनका पालन हमें खुशी-खुशी करना चाहिए, पुलिस के या चालान बनने के डर से नहीं। सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करते हुए स्वयं को, अपने वाहन को तथा सड़क पर चलने वाले अन्य यात्रियों को सुरक्षित रखकर एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाएं। जूनी इंदौर थाने के थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को कभी भी छोटी आयु में, बिना लाइसेंस वाहन चलाने ना दें। आपने इंदौर शहर में बढ़ते वाहनों की संख्या पर चिंता जताते हुए आपने कहा कि रोड पर वाहनों की संख्या तो दिनोंदिन बढ़ रही है, ऐसे में हमें स्वयं ही नियंत्रित गति से सावधानीपूर्वक वाहन चलाते हुए सुरक्षित रहना है। मध्य प्रदेश बस आपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने माता-पिता को बच्चों को सही शिक्षा और अच्छे संस्कार देने पर जोर देते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी पर माता-पिता की नजर होनी जरूरी है कि वे कब घर से निकल रहे हैं, कब आ रहे हैं, नशे, आदि का सेवन तो नहीं कर रहे हैं। सड़क पर शालीनता से चले तो एक्सीडेंट में कमी आ सकती है।प्रेम नगर क्षेत्र की संचालिका एवं ब्रह्माकुमारीज़ के शिक्षा प्रभाग की जोनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति %वसुधैव कुटुंबकम% की संस्कृति रही है। यह सारा विश्व एक परिवार है। सड़क हादसे में किसी की भी जान जाती है तो हमारे विश्व परिवार का एक सदस्य चला जाता है या जीवन भर के लिए अपाहिज हो जाता है इसलिए हमारी एक दूसरे के प्रति संवेदना, सद्भावना होगी तभी हम एक दूसरे की सुरक्षा कर पाएंगे। बिजलपुर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अश्विनी बहन ने कहा कि आध्यात्मिक शक्तियों से संपन्न होकर ही किसी आत्मा को मानसिक संबल दे सकते हैं। आपने विशेष कमेंट्री द्वारा योग की गहन अनुभूति कराई। सभी ने सड़क दुर्घटना में मृतकों को दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी तथा दुर्घटना पीड़ितों को मानसिक संबल देने एवं इस पीड़ा से मुक्त होने के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। अंत में ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने सभी को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रो. रेखा मेलवानी ने किया। इस अवसर पर बैराठी कॉलोनी सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी शारदा बहन, कौशिकी बहन तथा संस्थान से जुड़े भाई-बहन उपस्थित रहे।

## कुरैशी समाज की मजबूती के लिए बैठक आयोजित



इंदौर। कुरैशी समाज के शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास की फिक्र को लेकर कुरैशी समाज जनकल्याण समिति कमेटी और ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश इंदौर की महत्वपूर्ण मीटिंग रखी गई।

कमेटी अध्यक्ष,खालिद कुरैशी (गोटू पहलवान) ने कहा समाज की मजबूती के लिए हाथ से हाथ मिला कर हमें काम करना है। कमेटी के सभी मेम्बर्स की मौजूदगी में तय हुआ कि जल्द ही इंदौर शहर के तमाम कुरैशी समाज को जोड़कर आगे की कारगुज़ारी पर मशवरा कर फैसले लिए जाए। प्रोग्राम तय कर समाज के हर घर तक इत्तिला कर दी जाएगी, ताकि सभी मौजूद हो सके।

## अंतर्राष्ट्रीय योग कांफ्रेंस में डॉ. मनोहर गोरे का साइंटिफिक पेपर प्रेजेंटेशन एवं व्याख्यान



इंदौर। योग संकल्प 2024, हरि ओम योग केंद्र चेरीटेबल ट्रस्ट, इंदौर तथा चोइथराम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़ योग विभाग के तत्वावधान में चोइथराम नेत्रालय, श्री राम तलावली, धार रोड़, इंदौर के ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं अंतर्राष्ट्रीय योग कॉन्फ्रेंस 16 नवंबर 2024 को थियोलॉजिस्ट डॉ. मनोहर गोरे सत्संगी का साइंटिफिक रिसर्च पेपर प्रजेंटेशन एवं सारगर्भित व्याख्यान- 'Ujjain the original Land of yoga' विषय पर हुआ जिसकी उपस्थित विद्वजनों व निर्णायकों ने सराहना करते हुए डॉक्टर गोरे के रिसर्च को ज्ञानवर्धक बताया। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों सहित अमेरिका, इंग्लैंड, इटली, कैनाडा, इस्तांबुल 6तुर्की8 आदि देशों के 34 शोधार्थियों ने भी अपने रिसर्च प्रस्तुत किए ।

## मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक एक्स- स्टाफ संगठन द्वारा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया



इंदौर। मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक एक्स- स्टाफ संगठन ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों के संबंध में मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष रमेश बेहरा को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संगठन के महासचिव बी.डी. तिवारी के साथ नंदलाल बजाज, बलराज आर्य, भरत गोयल, और जाबिर शेख उपस्थित रहे।

ज्ञापन में मुख्य मांग के तहत कहा गया कि

1. ग्रेच्युटी का भुगतान बैंक में पदच्युति के मामलों में अवैध रूप से रोकी गई ग्रेच्युटी को तत्काल जारी किया जाए।

2. पेंशन पोर्टल की स्थापना

बैंक की वेबसाइट पर पेंशन पोर्टल स्थापित कर पेंशनधारकों को उनकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

3. कम्प्यूटर एरियर का भुगतान

रोके गए कम्प्यूटर वेतन वृद्धि एरियर को अविलंब जारी किया जाए।

4. अनुकम्पा नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी

फरवरी 2024 से लंबित अनुकम्पा नियुक्तियों में तेजी लाकर शेष 92 पात्र परिवारों को राहत प्रदान की जाए।

5.अर्जित अवकाश नगदीकरण का भुगतान 1 अप्रैल 2018 के बाद के सभी पात्र मामलों में अवकाश नगदीकरण का भुगतान शीघ्र किया जाए।

6. पेंशन आवेदनों पर त्वरित निर्णय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत पेंशनधारकों के मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए।

## 360 डिग्री रियल्टी के सीईओ मनीष हिंदुजा को ओमेक्स लिमिटेड से प्रतिष्ठित पुरस्कार




इंदौर। 360 डिग्री रियल्टी के सीईओ मनीष हिंदुजा को इंडोनेशिया के बाली में आयोजित एक शानदार समारोह में ओमेक्स लिमिटेड द्वारा एक रियाल्टार के रूप में इंदौर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम ने इस क्षेत्र में असाधारण योगदान को पहचानने के लिए शीर्ष उद्योग जगत के नेताओं और रियल एस्टेट पेशेवरों को एक साथ लाया।

श्री हिंदुजा का पुरस्कार इंदौर के प्रतिस्पर्धी रियल एस्टेट बाजार में उत्कृष्टता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। श्री हिंदुजा ने कहा, ओमैक्स लिमिटेड से यह मान्यता प्राप्त करना एक अविश्वसनीय सम्मान है। यह पुरस्कार हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर दिखाए गए भरोसे और पूरी 360 डिग्री रियल्टी टीम की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। हम असाधारण सेवा प्रदान करने, सीमाओं को आगे बढ़ाने और उद्योग में नए मानक स्थापित करने के लिए समर्पित हैं। श्री हिंदुजा के दूरदर्शी नेतृत्व में, 360 डिग्री रियल्टी निम्नलिखित में उत्कृष्टता प्राप्त कर रही है।

# अपने माँ-बाप की इज्ज़त करें और मुल्क के कानून का पालन करें

इंदौर हर साल की तरह इस साल भी दावत–ए–इस्लामी इंडिया का दो दिवसीय सुन्नतों भरा इज्तिमा खजराना दरगाह मैदान, इंदौर में आयोजित किया गया। इस इज्तिमा में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।



### दावत-ए-इस्लामी इंडिया का दो दिवसीय सुन्नतों भरा इज्तिमा सफलतापूर्वक संपन्न

इस दौरान वक्ताओं ने लोगों को नेक इंसान बनने, नमाज़ की पाबंदी करने, कुरआन की तालीम हासिल करने, पड़ोसियों के साथ अच्छा व्यवहार करने, अपने शहर और देश को स्वच्छ रखने, नशे से बचने और मुल्क के कानून का पालन करने ,अपने पड़ोसियों से अच्छा व्यवहार करें, शहर और मुल्क़ को साफ रखें, खुद को और अपने बच्चों को नशे से दूर रखें-की सीख दी। साथ ही, मां-बाप की इज्जत करने, अच्छी शिक्षा प्राप्त करने और बुराइयों से दूर रहकर अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने का संदेश दिया गया।

दावत-ए-इस्लामी इंडिया की ओर से समय-समय पर समाज सेवा के विभिन्न कार्य भी किए जाते हैं। इनमें वृक्षारोपण, ब्लड डोनेशन कैंप, भोजन वितरण, और प्राकृतिक आपदाओं के समय जरूरतमंदों के लिए सहायता जैसे कार्य शामिल हैं। ये सभी गतिविधियां वतन-ए-अजीज हिंदुस्तान की उन्नति और सेवा के उद्देश्य से की जाती हैं।

इज्तिमा के दौरान कुरआन नाज़रा मुकम्मल करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया और उनकी हौसला अफजाई की गई।

## सेंट उमर स्कूल में ड्रग्स और अवैध तस्करी के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

इंदौर। इस्लामिया करीमिया सोसाइटी की मेनेजिंग कमेटी और सेंट उमर स्कूल के प्रिंसिपल श्री संदेश गुप्ता की देखरेख में ड्रग्स और अवैध तस्करी के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को ड्रग्स के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में प्रीति तिवारी, डीएसपी (नारकोटिक्स), पदम सिंह कायत, टीआई (नारकोटिक्स), और अजय शर्मा, सब-इंस्पेक्टर (नारकोटिक्स) ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने छात्राओं को ड्रग्स से दूर रहने और सूचित निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया।

## यादव समाज की बैठक में दीपावली मिलन समारोह संपन्न



इंदौर। यादव समाज प्रमुख कार्यसमिति(कोर कमेटी) की बैठक में दीपावली मिलन भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी उपस्थित बंधुओं ने राष्ट्रीय धारा से जुड़कर सामाजिक समरसता में योगदान देने का संकल्प लिया। साथ ही 1 दिसंबर से इंदौर जिले में यादव समाज कोर कमेटी का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। यादव समाज के वरिष्ठजनों ने प्रारम्भ में भगवान श्रीकृष्ण की आराधना कर दीप प्रज्ववलित किया। यादव समाज कोर कमेटी के समन्वयक/ प्रवक्ता राजेश यादव ने कार्ययोजना पर प्रकाश डाला और राष्ट्रीय धारा के समवेत जाति बिरादरी के आयोजन की जानकारी दी। ज्यादा से ज्यादा स्वजातीय बंधुओं तक संपर्क कर इंदौर में होने वाले हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेले में सहभागिता के लिए आग्रह किया। कमेटी के अध्यक्ष गुलशन यादव ने सामाजिक कल्याण के कार्यों की प्रगति से अवगत कराया और आगामी कार्ययोजना बताई। तत्पश्चात् अध्यक्ष गुलशन यादव सहित अमरसिंह यादव, धुरंधर यादव, लखनसिंह यादव, वासुदेव यादव,योगाचार्य वीरसिंह यादव, शिवमूरत यादव, संतोष यादव, राजेश यादव, डॉ.मुकेश यादव, जगदेव यादव, मुकेश यादव (निमाड़),उमेश यादव आदि प्रबुद्धजनों ने उपस्थित होकर समस्त यादव समाज को दीपावली महापर्व की बधाईयां दी।

## पुलिस जवानों की पत्नी-बेटियों को सशक्त करने के लिए बनी कमेटी

इंदौर। मध्य प्रदेश में पुलिस जवानों की पत्नी और बेटियों को सशक्त करने के लिए कमेटी बनाई गई है। अफसरों की पत्नियां एमपी पुलिस कल्याण परिवार के लिए 'धृति' अभियान की शुरुआत करेंगी। पीएचक्यू ने पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों को स्व सहायता समूह से जोड़कर उत्पाद तैयार करने की जिम्मेदारी दी है।

**तीन स्तर पर बनी कमेटी**-जिला, जोनल और पुलिस मुख्यालय स्तर पर कमेटी बनाई गई है। 20 नवंबर तक समिति भेजने का आदेश दिया गया है। डीपीसी सुधीर सक्सेना ने अधिकारियों को निर्देश दिए है।

**लक्ष्य**-'धृति' पुलिस परिवार कल्याण समिति का लक्ष्य है कि पुलिस परिवारों का आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास हो। पुलिस परिवार के सदस्यों विशेषकर महिलाओं व बेटियों की कार्यक्षमता का उन्नयन और कौशल का विकास कर उनकी आत्म अभिव्यक्ति, स्वावलंबन व आर्थिक उन्नयन हेतु सुगम वातावरण प्रदान करना समिति का प्रमुख उद्देश्य है।

पुलिस परिवारों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध और विकासशील विचारधारा का संवर्धन कर यह समिति पुलिस परिवारों का संबल बन पुलिसकर्मियों को एक बेहतर सामाजिक व पारिवारिक जीवन प्रदान करने का माध्यम बनने हेतु सृजित है।

# डिप्रेशन की शिकर ज्योति को मिला पति की साथ

उज्जैन 'अंकित ग्राम', सेवाधाम आश्रम, उज्जैन में भगवान की ऐसी कृपा होगी यह कल्पना नही थी वरन कुछ दिनों पूर्व डिप्रेशन की शिकार महिला ज्योति के पिता के साथ पति लखनउ से दोनों स्वयं उसे लेने सेवाधाम आएंगे।



आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल ''भाईजी'' ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व दो महिलाऐं डिप्रेशन की शिकार तराना क्षेत्र में भटक रही थी उनसे पूछताछ की तो वह अच्छे घरों की लग रही थी उसमें एक का नाम ज्योति काम्बले था वह भोपाल की रहने वाली थी, ज्योति को वन स्टॉप सेंटर उज्जैन से स्थानांतरित किया गया था। अंकितग्राम, सेवाधाम परिसर में डिडवानिया (रतनलाल) अवेदना केन्द्र में यहां निवासरत बेटियों एवं युवतियों के साथ रहते हुए आश्रम के स्वच्छ वातावरण में रहते हुए उसके मानसिक स्वास्थ में परिवर्तन आया और सुधीर भाई ने परिवार से काउंसलिंग एवं बातचीत कर उन्हें समझाईश प्रदान की तब भगवान की असीम कृपा से ज्योति को अपना घर परिवार मिला।

ज्योति की एक 9 वर्ष की बेटी भी है। लखनउ से आए पति को बहुत अच्छा लगा कि उनकी पत्नि को ससम्मान आश्रम में रखा गया एवं उसकी चिकित्सकीय देखभाल की एवं ज्योति ने वादा किया कि अब वह कभी भी घर से नही जाउंगी।

आश्रम ने ऐसी अनगिनत पीड़ित शोषित एवं मनोविक्षप्तों के साथ गर्भस्थ माताओं को अपनाया और परिवार में पुनर्वास किया।

# पांच हजार महिलाओं के तलवारबाज़ी प्रदर्शन पर प्राप्त वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, मां अहिल्या को समर्पित

इंदौर (नवीन मौर्य)। मां अहिल्या की महान परंपरा को साकार करने के उद्देश्य से पांच हजार महिलाओं और बालिकाओं के तलवारबाज़ी प्रदर्शन से बने वर्ल्ड रिकार्ड्स को राजवाड़ा पहुंचकर मां अहिल्या को समर्पित कियै।



नेहरू स्टेडियम पर अनमोल मुस्कान वेलफेयर सोसायटी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पांच हजार महिलाओं और बालिकाओं ने एक साथ तलवारबाज़ी प्रदर्शन कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और ट्रांसओशियन वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। आयोजन में लगभग 50 हज़ार दर्शकों की उपस्थिति ने इसे एक भव्य उत्सव का रूप दिया गया था।

इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए यशवश्वी मुख्य मंत्री मोहन यादव एवम् फिल्म अभिनेत्री श्रीमती जयाप्रदा विशेष रूप से उपस्थित रहीं थी।

अनमोल मुस्कान वेलफेयर सोसायटी की संस्थापक मुस्कान भारतीय, राकेश यादव, और सोसायटी के सभी सदस्यों ने पिछले तीन महीनों की अथक मेहनत से इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

18 नवंबर को सुबह 11=30 बजे, सभी सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति में मां अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और इन दोनों विश्व स्तरीय अवॉर्ड्स को मां अहिल्या को समर्पित किया।

इस आयोजन से न केवल महिला सशक्तिकरण को नई पहचान मिली, बल्कि मां अहिल्या की गौरवशाली विरासत भी वैश्विक मंच पर उजागर हुई। अनमोल मुस्कान वेलफेयर सोसायटी का यह प्रयास इंदौर और समूचे प्रदेश को गर्व का अनूठा अवसर प्रदान किया।

## समिति में कामताप्रसाद गुरु पर गोष्ठी

इंदौर। श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति द्वारा कालजयी रचनाकार स्मरण की श्रृंखला में इस बार कामताप्रसाद गुरु के साहित्यिक कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा होगी एवं उनके चित्र का अनावरण भी किया जाएगा।

कार्यक्रम मंगलवार 19 नवम्बर, 2024 को सायं 6:00 बजे समिति के सभागार में होगा कार्यक्रम सभी साहित्य प्रेमियों के लिए है।

**दबंग बंदूक की नोक पर महिलाओ के साथ लाठियो से कर रहे बेरहमी से मारपीट , खून से सनी महिला थाने में पहुंची प्रकरण दर्ज करवाया**

# मामला - जमीन विवाद में मां और उसकी दो बेटियों के साथ की गई मारपीट , करही थाने पर मारपीट का प्रकरण दर्ज हुआ

**करही अभिषेक पटेल।** नगर के समीप ग्राम करोदीया में रविवार शाम को जमीन विवाद में महिलाओ के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है । महिलाओ के साथ की गई मारपीट का करही थाने पर प्रकरण दर्ज किया गया । संगीता बाई मेवाडे ने बताया कि मेरा परिवार खेती बाड़ी का कार्य करते है। मेरा पति संतोष मेवाड़े बाड़े में गाय व भैस का दूध निकालने के लिए गए थे । तभी शाम को 5 बजे के करीब राम पटेल व गजेंद्र ठाकुर ने हमारी गाय को छोड़ दी तभी मैने कहा की गाय को क्यू छोड़ दी तो इसी बात पर गाली गलौज करने लगे मैने मना करने पर मेरे साथ डंडों से मारपीट करने लग गए साथ ही बीच बचाव करने के लिए मेरी लड़की आंचल मुझे बीच बचाव करने आई तो हर्षित जाट व रितेश मेवाडे दोनो डंडे लेकर मेरी दोनो लड़कियों के साथ डंडे के साथ मारपीट करने लगे ।





हवा में पिस्टल लहराते हुए धमकियां भी दी। इतना होने पर भी पुलिस अपराधियो को खुले रूप से बचाने में जुटी है और बलवा का केस होने के बाद तथा सोशल मीडिया पर चल रही बन्दूक लहराने व गोली चलाकर मारने की धमकी के बाद भी पुलिस साधारण मारपीट की धारा लगाकर गई है। करही थाने पर प्रकरण दर्ज करवाया गया । जमीन विवाद का प्रकरण न्यायालय में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमीन विवाद को लेकर पूरा मामला देखा जा रहा है। जमीन मालिक और कब्जाधारी दोनों पक्षो का मामला न्यायालय में विचाराधीन है । जमीन मालिक ने न्यायालय में चल रहे मुकदमे के फैसले के पहले ही गुंडों द्वारा माँ और दो बेटियों की लाठियों से पिटाई करा दी। जमीन विवाद में 6 से 7 दबंगाइयो ने महिलाओं जिसमे एक महिला गर्भवती भी है उस पर भी जानलेवा हमला किया और उसका सिर फोड़ दिया।

**दबंगों ने बंदूक की नोक पर महिलाओ के साथ लाठियो से की गई मारपीट** -संगीता बाई मेवाडे ने बताया कि दबंगों के पास बंदूक थी साथ ही लाठिया के साथ में बेरहमीं से हमारे साथ में मारपीट की गई । में और मेरी दोनो लड़कियों को 6 से 7 लोगो ने मिलकर लाठियो से पीटा गया जिसमे मेरी बड़ी लड़की को लठ्ठ मारने से सर में चोट लगी है जिसको उपचार के दौरान चार टाके आए है।

**18 जनवरी 2024 से चल रहा कोर्ट में मामला-**

भाजपा के मीडिया सेल से जुड़े एवं पीड़ित के परिजन श्याम मेवाड़े निवासी मण्डलेश्वर ने बताया कि पैतृक जमीन जसौदा बाई के नाम से थी। गौद ली बेटी संगीता की पहली माँ है। सौतेली माँ निमन बाई ने अपने पति के मरने के दौरान इस जमीन को फर्जी तरीके से पहले तो स्वयं के नाम कराया उसके बाद 24 बीघा जमीन 24 मार्च 2024 को अविरल पाण्डे, सुशील पाण्डे, शरद पांडेय निवासी महु को जमीन बेच दी। जबकि 18 जनवरी 2024 से मामला कोर्ट में चल रहा था। 40 वर्ष पहले जसौदा बाई और दूसरी पत्नी निमन बाई को बच्चे नही हुए तो भुवानी राम ने दोनो पत्नी की स्वीकृति अपनी ही बहन जानकी बाई की बेटी संगीता मेवाड़े को गोद लिया।

**गुंडों को लाकर जमीन पर बिठा दिया, चल रही पार्टियां-** क्षेत्र में यह पहली घटना देखने को मिल रही है की जमीन विवाद में गुंडा गर्दी देखने को मिल रही है।मिली जानकारी अनुसार जमीन खरीददार राजनीतिक संरक्षण के चलते गुंडागर्दी कर जमीन का कब्जा लेने पर आमादा हो गए है। वही पुलिस भी कोई ठोस कदम इस मामले में नही उठा पा रही है। घटना के बाद महिलाओं के पक्ष में भाजपा मण्डल अध्यक्ष सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौके पर पहुँचे। लेकिन बावजूद उसके बहुत हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने का आरोप पुलिस पर लगा है।

## क्या कहना है इनका

इंदौर की गुंडागर्दी निमाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा। निमाड़ एक शांति प्रिय क्षेत्र यहां किसी प्रकार की गुंडा गर्दी बर्दाश्त नही की जाएगी । वही दूसरी और प्रदेश की भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण और महिलाओ को सुरक्षा की बात करती है। उन्ही की सरकार में बहन बेटियों महिलाओ पर एसे लाठियों से मारपीट की जा रही है जिसे हम बर्दाश्त नही करेंगे। यह घोर निंदनीय है। **विजयलक्ष्मी साधौ पूर्व केबिनेट मंत्री**

मेरा गांव बड़ा ही शांतिप्रिय गांव है यहाँ कभी किसी बात को लेकर विवाद नही होते है । कभी छोटी मोटी बात होती भी है तो आपसी सामंजस्य से दूर कर ली जाती है। लेकिन अभी कुछ भूमाफियाओं के द्वारा क्षेत्र में प्रवेश कर क्षेत्र को अशांत करने की कोशिश की जा रही है इस तरह गांव की बेटी महिलाओ के साथ जो कृत्य हुआ हैं वह दुर्भाग्य पूर्ण हुआ है। इसमें पुलिस प्रशासन की कानून व्यवस्था लचर हो रही है । एसे कृत्य करने वालो को सबक सिखाना चाहिए । इस प्रकार के कृत्य दोबारा न हो गांव में डर का माहोल है। आरोपियों पर कठोर धाराएं लगाकर कठोर सजा मिलना चाहिए । जबकि ग्राम का यह जमीन के विवाद का मामला कोर्ट में विचाराधीन है । **जितेंद्र गौड भारतीय जनता पार्टी करही मंडल अध्यक्ष**

रिपोर्ट प्राप्त होने पर तत्काल पीड़ित पक्ष का मेडिकल करवाया गया फिर उनके बताए अनुसार रिपोर्ट दर्ज करने के बाद 6 आरोपियों को पुलिस की अभिरक्षा में लिया गया। नियम अनुसार उन पर कार्यवाही की गई और शांति व्यवस्था बनी रहे उसके लिए उनके विरुद्ध प्रतिधात्मक कार्यवाही कर के तहसीलदार कार्ट में पेश किए गए । **राजेंद्र बर्मन करही थाना प्रभारी**

## जिले की मंडीयों में 14944 क्विंटल सोयाबीन की आवक

शाजापुर, निप्र। जिले की कृषि उपज मंडी समितियों में आज कुल 14944 क्विंटल सोयाबीन की आवक हुई। कृषि उपज मंडी समिति सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाजापुर मंडी में सोयाबीन की कुल आवक 5540 क्विंटिल हुई। जिसका न्यूनतम भाव 3070 रूपये, उच्चतम 4755 रूपये तथा मॉडल भाव 4360 रूपये प्रति क्विंटल रहा। जिले की शुजालपुर मंडी में कुल आवक 4161 क्विंटल दर्ज की गई, जिसका न्यूनतम भाव 3000 रूपये, उच्चतम 4580 रूपये तथा मॉडल भाव 4300 रूपये प्रति क्विंटल रहा। जिले की कालापीपल मंडी में कुल आवक 3123 क्विंटल हुई, जिसका न्यूनतम भाव 3000 रूपये, उच्चतम 4524 रूपये तथा मॉडल भाव 4255 रूपये प्रति क्विंटल रहा।अकोदिया मंडी में कुल आवक 1324 क्विंटल, न्यनूतम भाव 3000 रूपये, उच्चतम 4501 रूपये तथा मॉडल भाव 4280 रूपये प्रति क्विंटल रहा। बेरछा मंडी में कुल आवक 213 क्विंटल, न्यूनतम भाव 3000 रूपये, उच्चतम भाव 4300 रूपये तथा मॉडल भाव 4100 प्रति क्विंटल रहा।मो. बड़ोदिया मंडी में कुल आवक 492 क्विंटल, न्यूनतम भाव 3000 रूपये, उच्चतम भाव 4466 रूपये तथा मॉडल भाव 4200 रूपये प्रति क्विंटल रहा। मक्सी मंडी में कुल आवक 91 क्विंटल, न्यूनतम भाव 3000, उच्चतम 4600 तथा मॉडल भाव 4300 रूपये प्रति क्विंटल रहा।

## जप्त वाहन के अधिहरण के आदेश

शाजापुर, निप्र। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहन के अधिहरण करते हुए अपीलीय अवधि समाप्त होने पर वाहन नीलामी करने के आदेश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि थाना मक्सी द्वारा मुखबीर की सूचना पर 04 सितम्बर 2024 को कार क्रमांक एमपी-04-सीएच-0859 में 75 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब परिवहन करते हुए पाए जाने पर जप्त किया गया था। कलेक्टर न्यायालय ने प्रकरण में जप्तशुदा वाहन को अधिहरण करते हुए जिला आबकारी अधिकारी को आदेश दिये हैं कि अपीलीय अवधि 30 दिवस व्यतित होने पर वाहन थाना मक्सी से प्राप्त कर विधिवत नीलामी की कार्यवाही करें।

## जिम्नास्टिक खिलाड़ियों ने शालेय व ओपन प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



शाजापुर, निप्र। जिले के खेल और युवा कल्याण विभाग ने जिम्नास्टिक प्रशिक्षक जितेन्द्र शर्मा के नेतृत्व मे जिम्नास्टिक प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाडी कार्तिक मालवीय ने 68वी राज्यस्तरीय शालैय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता 05 नवंबर से 09 नवंबर तक उज्जैन मे आयोजित अण्डर-14 बालक वर्ग वाल्टिंग टेबल पर कास्य पदक एवं म.प्र. अमेच्यूचर जिम्नास्टिक ऐसोसिऐषन द्वारा 10 एवं 11 नवंबर को इंदौर मे आयोजित ओपन राज्यस्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कास्य पदक वाल्टिंग टेबल मे प्राप्त हुआ एवं जिम्नास्टिक सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता मे अक्षत कुमावत को रोमन रिंगस मे कास्य पदक प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एसपी यशपाल सिंह राजपूत ने इन खिलाड़ियों का सम्मान कर इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

## निराहार महा व्रत कर रहे दादा गुरु अपने दल के साथ माकड़खेड़ा वेदांत आश्रम पहुंचे किया रात्रि विश्राम



**कसरावद इंदौर समाचार सेवकराम चौबे - कसरावद नर्मदा के संरक्षण व शुद्धिकरण के निराहार महाव्रत कर रहे दादा गुरु अपने दल सहित नर्मदा परिक्रमा करते हुए कसरावद के माकड़खेड़ा वेदांत विला आश्रम पहुंचे। रास्ते में कई जगह धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक सहित अन्य संगठनों ने उनका स्वागत किया।**

निराहार महाव्रत साधना लगभग 1400 दिनों से भी अधिक समय से कर रहे दादा गुरु कार्तिक पूर्णिमाओंकारेश्वर से पैदल नर्मदा परिक्रमा करते हुए कसरावद के माकड़खेड़ा के वेदांत विला आश्रम पंहुचे। नर्मदा मैया की परिक्रमा दादा गुरु का कहना है हमारे लिए साधना नर्मदा मैया की परिक्रमा हमारे लिए आराधना है एक ऐसी साधना जो जीवन को दिशा देती है एक ऐसी साधना जो समाज में परिवर्तन को लाती है एक ऐसी साधना नर्मदा मैया की परिक्रमा है जो अपनी माटी से जोड़ती है अपनी संस्कृति से जोड़ती है अपनी सनातन की जीवन कथा को दुनिया के समक्ष रखती है। नर्मदा मैया की परिक्रमा यहां तो चल रही है साधना है यह परिक्रमा नहीं हमारी साधना है और एक ऐसी साधना की वैश्विक स्तर पर जो सनातन की जीवन का प्रमाणिकता को रखे हुवे है एक ऐसी साधना जो गांव घर परिवार अपनी माटी संस्कृति से जोड़ेगी इन पेड़ पहाड़ों से जोड़ेगी दुनिया के लिए नदी है दुनिया के लिए बहता हुआ पानी है हमारे लिए साक्षात भगवती है यही सनातन की जीवन की प्रमाणिकता है। समाज को बेहतर और एक सुरक्षित जीवन कैसे हो हमारा गांव घर परिवार कैसा होगा इस साधना के दौरान हम गांव गांव घर घर को बोल रहे है ।जैसे अमृत पान होता था मदिरापान नशा मुक्ति साधना में संकल्प दिलाया जा रहा है यह हमारे जीवन का आधार है हमारा अस्तित्व सब नर्मदा से है निर्मल नर्मदा के लिए घर परिवार क्या कर सकता अपने योगदान को सुनिश्चित करें। जैसे नर्मदा तट पर वृक्ष लग रहे हैं हम रक्षक को ईश्वर का स्वरूप मानते हैं ऐसी नर्मदा के तटो पर यदि पेड़ पौधे है तो उसकी जीवन तथा है रासायनिक खेती हो रही है नर्मदा के किनारे या गांव में उसे माटी को जहर मुक्त करने की साधना हैं। ग्राम माकडखेडा सरपंच प्रतिनिधि गोलू जोशी एवं दिलीप दरबार द्वारा वेदांत आश्रम पर भव्य स्वागत किया गया।



## 102 विद्यार्थियों को साइकिल वितरित, सायकल पाकर बच्चे हुए प्रसन्न

शाजापुर, निप्र। नगर के स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में कक्षा 9वी के 56 बालक तथा 46 बालिकाओं कुल 102 विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा साइकिल वितरित की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष पं. संतोष जोशी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पं. आशीष नागर, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य प्रवीण कुमार मंडलोई ने की। इस अवसर पर संस्था की श्रीमती विजय सक्सेना सहित स्टाफ के सदस्य, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।कार्यक्रम में आभार गौरव व्यास ने माना।

### जोबट में वृहद स्वास्थ्य शिविर 23 को -

अलीराजपुर/इन्दौर (ई)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर तरीके से पहुंचाने की मंशा को साकार रूप देने के लिये संभागायुक्त दीपक सिंह की पहल पर इन्दौर संभाग के दूरस्थ क्षेत्रों में वृहद स्तरीय स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला के तहत इन्दौर संभाग के अलीराजपुर जिले के जोबट में वृहद स्तरीय स्वास्थ्य शिविर 23 नवम्बर को आयोजित होगा।

**भोलें सबके आराध्य जल्द सुविधा उपलब्ध करवाने की रखूगी मांग - अनिता चौहान**

## अमरनाथ यात्रियों के पंजीयन सुविधा जिलें में करवाने भोलें भक्तों ने दिया सांसद को दिया ज्ञापन



आलीराजपूर,,,,,,,थांदला झाबूआ पेटलावद क्षेत्रके शिव भक्तो ने सासद महोदय को ज्ञापन सौपा । देश की एकता अखंडता को जोड़ने वाली एक मात्र धार्मिक अमरनाथ यात्रा जिसमें वनांचल झाबुआ अलीराजपुर से है। हजारों की संख्या में भोलें भक्त जाते है उस यात्रा में आने वाली पंजीयन एवं अन्य परेशानियों को लेकर भोलें भण्डारा परिवार के सदस्यों का एक दल क्षेत्रीय सांसद अनिता नागरसिंह चौहान से उनके निवास पर मिला। दल के प्रमुख सदस्य श्रीमंत अरोड़ा ने सांसद को अवगत करवाते हुए बताया कि अमरनाथ यात्रा के दौरान यात्रियों को मेघनगर व रतलाम से रेल पंजीयन करवाकर बैठना पड़ता है जबकि इस दौरान थांदला रोड़ व बामनिया में भी ट्रेन का स्टॉपेज बढ़ाया जाना चाहिए। अरोड़ा ने बताया कि भोलें भक्तों को सबसे बड़ी परेशानी यात्रा के लिए पंजीयन को लेकर होती है। हालांकि वर्तमान में ऑन लाइन पंजीयन होता है लेकिन ग्रामीणों से लेकर अन्य यात्रियों को इसमें डेट व अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए यात्रियों को अन्य राज्यों में जाकर पंजीयन करवाना पड़ता है जिसमें उनके समय व पैसा दोनों व्यर्थ बर्बाद होता है इसलिए माननीय सासंद महोदय पहल करें तो क्षेत्र की जनता को बहुत लाभ मिलेगा। अरोड़ा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा का पंजीयन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व पंजाब नेशनल बैंक शाखा से होता है जो झाबुआ व अलीराजपुर दोनों ही स्थानों पर है ऐसे में उनके माध्यम से पंजीयन शुरू हो सकता है। भोलें भक्तों में थांदला से मोहन चौहान,नीरज सोलंकी, तुलसी मेहते, रमेश मेहते, राजू धानक, पवन नाहर, महेश गिरी, समरथ प्रजापत, दिलीप कटारा, चिंटू बैरागी, शिव शक्ति अमरनाथ समिति झाबुआ के प्रकाश राठौड़ व मनोज वर्मा अलीराजपुर से बाबा बर्फानी ग्रुप सदस्य दीपक दीक्षित, महेश चौहान, गौतम चौहान, सुनील मावी, राजू चौहान, रवि मालवीय, अजित डुडवे, रंजीत पटवारी अमरनाथ यात्रा संघ जोबट से निलेश उपाध्याय, पवन खत्री, अनूप शर्मा, विद्युतेंद्र वाणी आदि की उपस्थिथि में सांसद महोदया ने क्षेत्रीय सांसद महोदया ने सभी भोलें भक्तों को आश्वासन देते हुए कहा कि हम सब भोलें के भक्त है व भोलें बाबा की अमरनाथ यात्रा पर जाना सबका सपना भी होता है ऐसे में यात्रा में सुविधा व पंजीयन के लिए प्रयास करेगी व आने वाले संसद सत्र में भी इस उचित मांग को रखते हुए क्षेत्र की जनता को पंजीयन के लिए ज्यादा दूर न जाना पड़े ऐसा जल्दी से जल्दी निराकरण करने का प्रयास करूंगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी भोलें भक्तों ने सांसद महोदया को पुष्प गुच्छ भेंटकर सनातन धर्म के प्रतीक ओम नमः शिवाय के दुपट्टा प्रदान कर स्वागत अभिनन्दन किया व विश्वास जताया कि आगामी 2025 से क्षेत्र में ही पंजीयन सुविधा प्रारम्भ हो जाएगी।

## वर्दी पर फिर हुई दागदार

**भोपाल(ईएमएस)। नये शहर के कोलार थाना इलाके में रहने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर का उसके पार्टनरों ने बहाने से पहले तो किडनेप किया और फिर धमकाते हुए उसकी पत्नि से 30 लाख की फरौती वसूल ली। आरोपी पीड़ित से 10 करोड़ की डिमांड कर रहे थे। घटना बीती 27 अक्टूबर की है। पूरा मामला एक जमीन की सौदेबाजी से जुड़ा है। रकम लेने के बाद आरोपियो ने फरियादी को उसके घर छोड़ दिया। उस समय आरोपियों की धमकियों के कारण पीड़ित ने पुलिस से शिकायत नहीं की थी। बाद में प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी ने कोलार थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया। पांच आरोपियों में एक ट्रैफिक पुलिस में पदस्थ आरक्षक हेमंत चौहान भी शामिल है, जिसे अधिकारियों ने लाइन अटैच कर दिया है। घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघल ने एक्स पर लिखा है, की राजधानी भोपाल से एक प्रॉपर्टी डीलर का 30 लाख की फिरौती के लिए अपहरण का मामला रोंगटे खड़े करने वाला है। सबसे चौंकाने वाली बात ये है, कि इसमें एक पुलिस हवलदार संलिप्त है, जिसे महज़ लाइन अटैच किया गया है।**

सूबे के मुख्यमंत्री मौन यादव गृह विभाग भी अपने पास ही रखे हुए हैं। उनकी लापरवाही से प्रदेश में अपराध बढ़ रहा है, अगर उनसे गृह विभाग नहीं संभल रहा है तो मैं उनके इस्तीफे मांग करता हूं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दानिश हिल्स व्यू, कोलार में रहने वाले नीतेश ठाकुर प्रॉपर्टी डीलर है। उनकी पत्नी ऋचा गौर ठाकुर ने पुलिस को बताया कि संजय राजावत उसके परिचित है। संजय ने पूर्व में उसके पति के साथ कुछ जमीन के सौदे किए थे। संजय के साथ ही उनके परिचित पंकज परिहार, हेमंत चौहान उर्फ हनी, अन्नू राजावत और आकाश राजावत का भी उनके घर और ऑफिस मे आना-जाना रहता था। पति नीतेश ने लगभग एक महीने पहले बिलखिरिया खुर्द में 14.77 एकड़ जमीन रूद्राक्ष बिल्डर (देवेन्द्र चौकसे) को बेची थी। इस सौदेबाजी की रकम मिलने की जानकारी संजय राजावत, पंकज परिहार, हेमंत चौहान, ओम राजावत उर्फ अन्नु, आकाश राजावत को थी। इस जमीन के पैसे मे से संजय राजावत 10 करोड़ रुपए का अपना हिस्सा मांग रहा थ। जबकि इस जमीन में कोई भी पार्टनर नहीं था। आरोप है कि इसके बाद भी संजय जबरदस्ती 10 करोड़ रुपए देने की मांग कर रहा था। इसी बीच नीतेश विदेश चला गया, वापस आने बाद दिल्ली से 27 अक्टूबर को फोन कर उसने पति को बताया कि वह पंकज के भांजे अंकित परिहार की सगाई मे ग्वालियर जा रहे है। इसके बाद उनका फोन बंद हो गया। इस दौरान मुरैना टौल पर नीतेश का अपहरण कर लिया गया और 28 अक्टुबर की सुबह साढ़े 4 बजे तक उन्हें ग्वालियर के एक होटल में रात भर रखा गया जहां उनके साथ मारपीट भी की गई।

## बोरी बधांन कर जल संरक्षण में अहम भागीदारी निभाएं नवांकुर संस्थाएं



**मंदसौर।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था पारेस्पर ग्राम युवा समिति नौगांवा एवं नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाजखेड़ी द्वारा संयुक्त सेक्टर बैठक का आयोजन खिडक़ी माता मंदिर पर किया गया। जिसमें विशेष रूप से मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद् के जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला,महेश दुबे, मनीष भावसार,दिनेश सोलंकी,परामर्शदाता रूपदेवसिंह सिसोदिया, संदीप शर्मा,हरिओम गंधर्व, मजदुर संगठन की पुष्पा चौहान विशेष उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला समन्वयक तृप्ती वैरागी ने कहा कि सभी नवांकुर संस्थाएं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां जल संरक्षण को लेकर विशेष कार्य करें। जन सहयोग से गांव-गांव में बोरी बंधान के कार्य पूर्ण करें । साथ ही शासन की योजना अनुसार 70 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी वृद्ध जनों के आयुष्मान कार्ड बनाने में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता अहम भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम के पश्चात नवांकुर संस्था द्वारा सहभोज का आयोजन किया गया। बैठक में नवांकुर संस्था के रतनलाल चौहान, मंजू भावसार,लाला भाई अजमेरी ,उषा सोंलकी,धारणा गंधर्व,पायल चोहान,श्री प्रजापत सहीत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष,सचिव और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रेल सलाहकार समिति के सदस्य बने परवाल

**मंदसौर।** सांसद श्री सुधीरजी गुप्ता की अनुशंसा पर पश्चिम रेलवे, मुंबई मुख्यालय द्वारा एक पत्र जारी कर रतलाम मंडल की रेल सलाहकार समिति में सांसद द्वारा नामित प्रतिनिधि श्रेणी में राजदीप परवाल को पुनः सदस्य नियुक्त किया गया है।उल्लेखनीय है कि श्री परवाल 2014 से लगातार इस समिति के सदस्य है तथा मंदसौर संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विकास एवं विस्तार हेतु सदैव सक्रिय रहते है। इस समिति के पुनर्गठित होने पर वे छठी बार सदस्य नियुक्त हुए है। शुभचिंतकों एवं इष्ट मित्रों ने इस हेतु श्री परवाल को शुभकामनाएं देते हुए सांसद श्री सुधीर गुप्ता का आभार माना है।

## एम्बुलेंस स्टाफ ने कराई डिलीवरी, मां और जुड़वा बच्चे स्वस्थ

**नाहरगढ़ ।** मंदसौर में रविवार रात 108 एंबुलेंस स्टाफ ने एक गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने दो जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। जानकारी के अनुसार कोलवा गांव की 27 वर्षीय गर्भवती महिला ममता पति मोहन नाथ को प्रसव पीड़ा होने पर 108 एंबुलेंस को बुलाया गया था। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाहरगढ़ ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में ही महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। इस पर एंबुलेंस में मौजूद नर्सिंग स्टाफ, इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन हेमंत दुबे और पायलट शाहिद मोहम्मद ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एंबुलेंस में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। निरधारी गांव के पास एंबुलेंस को रोककर, स्टाफ ने पूरी सावधानी से प्रसव कराया। ममता ने दो स्वस्थ जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। प्रसव के बाद मां और बच्चों को नाहरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया, जहां जच्चा-बच्चा दोनों ही स्वस्थ हैं।

## 500 पुलिसकर्मियों ने रातभर गुंडे, बदमाश और फरार वारंटियों की धरपकड़ की

**मंदसौर ।** रविवार की रात मंदसौर पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त कर गुंडे बदमाशों, फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया। गश्त में जिले के पुलिस अधिकारी, सभी थानों के टीआई सहित करीब 400 पुलिसकर्मी शामिल हुए। एसपी ने 45 पुलिस पार्टियां बनाई। रातभर चले गश्त में 402 वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें 146 स्थायी वारंटी व 112 गिरफ्तारी वारंटियों और 5 हद्दद्र एक्ट के वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। थाना वाईडी नगर, नई आबादी और मल्हारगढ़ पुलिस ने 3 फरार बदमाशों को गिरफ्तार किया। गश्त के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में शराब तस्करी के मामले में 29 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 209.54 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। इसी तरह 79 निगरानी बदमाशों और 86 गुंडा बदमाशों की चेकिंग की गई। वहीं 4 प्रजारणों में 8 असामाजिक तत्वों के खिलाफ 151 की कार्रवाई की गई। गश्त के दौरान मंदसौर पुलिस के ने 6 माह से फरार आरोपी यासीन खान निवासी अमरपुरा उज्जैन,अशोक विश्डनोई निवासी जोधपुर और थाना मल्हारगढ़ में शराब तस्करी के मामले में फरार आरोपी महिपाल सिंह शक्तावत निवासी मुन्देडी थाना पिपलियामण्डी को गिरफ्तार किया है।

## अष्टमुखी श्री पशुपतिनाथ महादेव को 51 हजार लड्डूओं का लगेगा महाभोग

**मन्दसौर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री पशुपतिनाथ मंदिर पुजारी परिवार द्वारा दिनांक 20 नवम्बर 2024, बुधवार को भूतभावन भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर का भव्य 64वां प्रतिष्ठा महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी को भगवान श्री पशुपतिनाथ की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इस कारण हर वर्ष इस तिथि पर यह आयोजन पुजारी परिवार द्वारा किया जाता है। पुजारी परिवार के सदस्यों ने बताया कि 20 नवम्बर को आयोजित प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत प्रातःकाल से ही विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। जिसमें सर्वप्रथम प्रातः 7.30 बजे से 51 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा महारूद्र अभिषेक प्रारंभ किया जाएगा। अभिषेक पश्चात् अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ महादेव के प्रतीमा का एवं गर्भगृह का विशेष फूलों से भव्य व नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुओं से चारों द्वार से भगवान के विभिन्न रूपों में दर्शन होंगे। साथ ही 51 हजार लड्डूओं का भगवान को भोग लगाया जाएगा। सायं 6.15 बजे बाबा पशुपतिनाथ जी की भव्य महाआरती होगी। महाआरती के दौरान बाहर के विशेष कलाकारों द्वारा बैंड तथा नासिक व अहमदाबाद के ढोल की प्रस्तुति दी जाएगी तथा आतिशबाजी भी होगी। महाआरती के पश्चात् भक्तों को लड्डूओं का प्रसाद वितरित किया जाएगा। प्रतिष्ठा महोत्सव हेतु तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है साथ ही 51 हजार लड्डूओं के भोग तैयार किया जा रहा है। पुजारी परिवार पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर ने सभी धर्मप्रेमी बन्धुओं से ने निवेदन किया है कि धर्म और अध्यात्म के आयोजन में सभी पधारकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

## भानपुरा में स्वच्छता अभियान जारी

भानपुरा (मन्दसौर) । स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत शासन के निर्देश अनुसार नगर परिषद भानपुरा की गतिविधियां लगातार जारी है। सोमवार 18 नवंबर को व्यवसायिक क्षेत्र में स्वच्छ बाजार अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत डिवाइडर एवं रोड की सफाई कराई गई व इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया, नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों एंव दरोगा मुकेश बगडिय़ा के मार्गदर्शन में विक्रम बगडिया, कृष्णा मकवाना, सफाई मित्र, सहयोगी संस्था यूनिक वेस्ट मैनेजमेंट से सागर राठौर द्वारा कार्य को संपन्न किया जा रहा है।





# पशुपतिनाथ मेले के सांस्कृतिक रंगमंच पर कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**मंदसौर।**

भगवान पशुपतिनाथ के 62 वे मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सुरभि म्यूजिकल ग्रुप की बॉलीवुड सॉन्ग नाइट से की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर मेला सभापति श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी सहित पार्षदों और अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलन कर किया गया। सुरभि म्यूजिकल ग्रुप के संयोजक जगदीश गंगवानी और सभी साथी कलाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत नगर पालिका के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

आधुनिक वाद्य यंत्रों से सुसज्जित आर्केस्ट्रा में ड्रम पर रतलाम से आए शिवम राठौर तबले पर सादिक मीर ढोलक पर उमेश गंधर्व और पियानो पर ऐश्वर्य देशमुख ने अपने हुनर का कमाल दिखाया। कार्यक्रम में सुरभि म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने अपने गीतों की अपनी बेहतरीन आवाज में प्रस्तुतियां देकर अपनी अमिट छाप छो ड़ी।

गायिका आयुषी देशमुख मैं खाई के पान बनारस वाला गीत की धमाकेदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को भी अपने साथ थिरक ने के लिए मजबूर कर दिया ....वॉइस ऑफ कुमार सानू तेजकरण सिंह चौहान ने कुमार सानू और मोहम्मद अजीज के गाए गीतों को अपनी बेहतरीन आवाज गाकर अपनी आवाज का जादू बिखरा,... वॉइस मोहम्मद रफी जाफर खान ने मुझे इश्क है तुझी से गीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी .. शिवानी लोट ने मेरे नसीब में तू है कि नहीं गीत की प्रस्तुति दी हिमांशु वर्मा और श्रीमती काजल वर्मा ने दिल है कि मानता नहीं ,सतीश सोनी ने गीत जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे और यतीद्र भाटी,गौरांश तिवारी ने हिंदी सिनेमा के अमर पार्श्वव गायको द्वारा गाए गानों को उन्हीं की आवाज में सुना कर श्रोताओं का मन मोह लिया। जाफर खान और गोरांश तिवारी की मिमिक्री सुनकर दर्शक लोटपोट हो गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में इस अवसर पर पधारे कलाकारों का स्वागत रमादेवी बंशीलाल गुर्जर मेला सभापति श्रीमती भावना पमनानी मेला समिति सदस्यगण दीपक गाजवा रेखा राजेश सोनी ऐरावाला माया भावसार दिव्या अनूप माहेश्वरी संगीता शैलेंद्र गोस्वामी ईश्वर सिंह चौहान सभापतिगण नितेश जैन दीपमाला मकवाना सभापति प्रतिनिधि नरेंद्र बंधवार पार्षद प्रतिनिधि अनूप माहेश्वरी राजेश सोनी ऐरावाला पार्षद गोवर्धन कुमावत प्रीतम पंचोली महिला नेत्री वंदना भावसार समाज सेवी राजेश गुर्जर मेला अधिकारी पी.एस. धार्वे मेला लिपिक राजेंद्र नीमा समाज सेवी बब्बू भाई पमनानी आदी ने किया ।

## सरस्वती बस्ती में आयोजित हुआ कुष्ठ रोग निदान शिविर

**मंदसौर ।**

समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट ताहिरपुर, मंदसौर रेडक्रास सोसायटी, मंदसौर सेवा भारती समिति एवं केशव स्मारक समिति मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में कुष्ठ रोग निदान शिविर का आयोजन सरस्वती बस्ती मंदसौर में आयोजित किया गया जिसमें समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट से आई चिकित्सकों की टीम एवं मंदसौर जिला चिकित्सालय की टीम ने मिलकर स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं दवाई का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संघचालक श्री दशरथ सिंह झाला, विभाग सेवा प्रमुख श्री नारायण सिंह राठौर ने दीप प्रज्वलन कर किया। स्वागत सेवा भारती समिति के सचिव गिरजा शंकर मोदी ने स्वागत किया और जानकारी में बताया कि समर्पण फाउंडेशन द्वारा मध्यप्रदेश के 12 जिलों में 23 बस्तियों में यह चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसका आज मंदसौर में अंतिम शिविर है । इस दौरान फाउंडेशन की डॉ संतोष रानी ने कुष्ठ रोग को लेकर जो सेवा कार्य किए जा रहे है उसकी जानकारी दी।

जिला संघचालक श्री झाला ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग एवं व्यक्ति का स्वस्थ रहना राष्ट्र के लिए अनिवार्य है। विभाग सेवा प्रमुख श्री राठौर ने कहा कि सभी के स्वस्थ रहे और कोई रोग से पीड़ित न हो तभी समाज उन्नति सही तरीके से कर सकता है। रेडक्रॉस अध्यक्ष श्री चावला ने कहा कि सेवा के कार्य में रेडक्रॉस कार्य करती ही है और सदैव सेवा कार्य करती रहेगी ।

शिविर में समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट से चिकित्सक डॉ संतोष रानी एवं सहयोगी तरुण कुमार,अंकितनकुमार,रोहित कुमार,संदीप कुमार मंदसौर जिला चिकित्सालय से डॉ सपना राठौर, डॉ छवि आसवानी, डॉ प्रीति जी वास्केल एवं टीम ने चिकित्सा सेवाएं दी । जिसमें 112 रोगियों का परीक्षण किया गया । कार्यक्रम में सेवा भारती मंदसौर के पिंकेश चोरडिय़ा, गोपाल परवानी, केशव स्मारक समिति से सचिव सुरेश कालानी, रेडक्रॉस समिति से मानसेवी सचिव राहुल चौहान, कोषाध्यक्ष राहुल सोनी, संचालकगण राजेश नामदेव, आशीष खमेसरा,चंद्रशेखर निगम एवं पुरुषोत्तम भट्ट और बस्ती निवासी उपस्थित रहे । आभार रेडक्रॉस के मानसेवी सचिव श्री राहुल चौहान ने माना।

## ग्रामीण क्षेत्रों में जल बिल माफ करवाने के लिए पत्र लिखा

**चौमहला ।** झालावाड़ चौमहला आम आदमी पार्टी युवा जिलाध्यक्ष अंशुल पटेल ने जलदाय मंत्री राजस्थान सरकार के नाम पत्र लिख ग्राम पंचायत कोलवी ऊर्फ मंडी राजेंद्रपुर चौमहला में जलदाय विभाग द्वारा जारी किए गए बिलों तथा आम नागरिकों को जलदाय विभाग द्वारा नोटिस जारी कर कनेक्शन काटने की सूचना देने के संबंध में जलदाय विभाग मंत्री राजस्थान सरकार को अवगत करवाते हुए बताया कि ग्राम पंचायत कोलवी ऊर्फ मंडी राजेंद्रपुर चौमहला ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आता है और यहां सरकार द्वारा सभी सुविधाएं भी ग्रामीण क्षेत्र के अनुसार ही आम नागरिकों को मिलती आ रही है तथा पूर्व में राजस्थान सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जलदाय बिल माफी की घोषणा की गई थी जिसके अंतर्गत आस पास की ग्राम पंचायतों में बिल जारी नहीं किए जाते एवं हमारी ग्राम पंचायत के साथ सरकार एवं विभाग द्वारा सौतेला व्यवहार कर हजारों रुपए के बिल जारी कर नल कनेक्शन काटने की सूचना लगातार आम नागरिकों को दी जा रही है

## अफीम काश्तकारों को पूरी पारदर्शिता के साथ अफीम लाइसेंस जल्द दिए जाएं : सांसद गुप्ता



**मंदसौर ।** सांसद सुधीर गुप्ता ने नारकोटिक्स आयुक्त ग्वालियर को एक पत्र के माध्यम से लिखा है कि अफीम बुवाई का समय चल रहा है ऐसे में लाइसेंस जारी करने की जो प्रक्रिया है उसे विभाग द्वारा जल्द पुरी की जाए और शीघ्र अफीम काश्तकारों को लाइसेंस दिया जाए ताकि वह समय पर उक्त फसल की बुवाई कर सकें । साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अफीम लाइसेंस की प्रक्रिया के दौरान किसी भी किसान से लेनदेन की शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस कार्रवाई या सख्त कार्रवाई करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार अफीम किसनों को पूरी पारदर्शिता और सरलता के साथ अफीम लाइसेंस जारी करने की नियमावली से कार्य कर रही है तो उसका समुचित लाभ उचित समय पर अफीम किसानों को मिलना चाहिए। उन्होंने पत्र के माध्यम से नारकोटिक्स आयुक्त ग्वालियर को लिखा कि अफीम लाइसेंस प्रक्रिया के दौरान समुचित प्रक्रिया पारदर्शी होना आवश्यक है साथी उन्होंने कहा कि मोदी सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है तो उसका लाभ विभाग के जरिए तुरंत किसान भाइयों को मिलना चाहिए।

## राष्ट्रीय उपलब्धि परीक्षण के लिए विद्यालयों की जा रही है मॉनिटरिंग



**मंदसौर ।** मंदसौर जिले की चयनित शालाओं में एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों की जांच करना है। आनंद डावर सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंदसौर ने बताया कि इस परीक्षण में कक्षा तीसरी, छठी तथा नवी में पढने वाले शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। विद्यार्थियों को मॉक टेस्ट , प्रैक्टिस मॉड्यूल द्वारा तथा स्वयं सिद्धि चैटबॉट पर राज्य स्तर से जारी प्रश्नावली के द्वारा तैयारी करवाई जा रही है इसके साथ ही पाठ्यक्रम को भी पढ़ाया जा रहा है । राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के लिए विद्यार्थियों को ओएमआर शीट पर टेस्ट पेपर हल करना होगा इसकी भी तैयारी विद्यालय में करवाई जा रही है । उन्होंने बताया की मॉनिटरिंग के दौरान शिक्षकों को भी मार्गदर्शन दिया जा रहा है तथा विद्यार्थियों से चर्चा करके तैयारी की जानकारी ली जा रही है । इस सर्वेक्षण में चयनित शालाओं के विद्यार्थियों की निश्चित प्रणाली के द्वारा सैंपलिंग की जाएगी तथा फील्ड इन्वेस्टिगेटर की उपस्थिति में परीक्षण संपन्न होगा । विगत दिनों मंदसौर स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालागंज में शिक्षक तथा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया है।

### पूर्व मंत्री सोजतिया के खास सिपह सालार कांग्रेस छोड़ थाम रहे भाजपा का दामन

## भाजपा के कर्मठ नेताओं के गले नहीं उतर रहा यह पलायन

**भानपुरा (लालचन्द रुद्रवाल) ।**

तहसील भानपुरा में विगत माह से लेकर अभी तक पूर्व मंत्री सुभाष कुमार सोजतिया के अनेक खासमखास रहे विशेष सिपहसालार व अनेक कांग्रेसियों ने भारतीय जनता पार्टी की पुष्प मालाएं व पार्टी के दुपट्टे ओढक़र पहली बार बड़ी संख्या में कांग्रेस से नाता तोडने का ऐलान किया है जो आश्चर्यजनक व भाजपा के तपस्वी व पुराने नेताओं व कार्यकर्ताओं के गले नहीं उतर रहा है। हां इस पलायन को भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति रीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने का नाम दिया जा रहा है, परन्तु इसे क्षेत्र में बड़े रुप में अवसरवादिता कहा जा रहा है। पुराने भाजपाइयों का मानना है कि यदि क्षेत्र में विपरीत परिस्थितियां होती तो क्या थोकबंद कांग्रेसी भाजपा में शामिल होते ?

पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष देवीलाल धाकड़ ने एक स्थानीय समाचार पत्र को अपना वक्तव्य देते हुए कहा था कि कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने के नये चलन को पूर्व विधायक व मंत्री सुभाष कुमार सोजतिया की नई चाल एवं उनके खासमखास कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल कराकर हर तरह से सुरक्षा चक्र प्रदान करने की योजना का हिस्सा है। परंतु भाजपा व कांग्रेस के अनेक नेताओं का मानना है कि श्री सोजतिया की बड़ती उम्र के कारण कांग्रेस में श्री सोजतिया की उल्टी गिनती शुरु होने की बात कही जा रही है । या सोजतिया द्वारा लंबे समय तक कांग्रेस के देश व प्रदेश में कमजोर होने के चलते फिलहाल कुछ समय के लिए उपरोक्त कांग्रेस से भाजपा मे आये नेताओं के लिए अस्थाई रुप से चोला पहनाने की कवायत है।

### मण्डल अध्यक्ष बनने की होड़ लगी

आगामी 15 दिसंबर 2024 तक भारतीय जनता पार्टी के संगठन के चुनाव होने के तहत क्षेत्र में भानपुरा व भैसोदा मंडल अध्यक्षों के चुनाव में अपना प्रभुत्व मंडल अध्यक्ष की दौड़ में सबसे आगे निकलने की होड़ लगी हुई है इस समय भाजपा में मंडल अध्यक्ष का आगामी चुनाव ना हुआ मानों.. महाराजा ... का तमगा मिलने वाला चुनाव हो, आश्चर्यजनक ढंग से भाजपा के उपरोक्त मंडल अध्यक्षों के चुनाव में अपनी दावेदारी करने वाले आधार वाले व बिना मजबूत जमीन वाले करीब 100 भाजपा नेता मैदान में डटे हुए हैं। इतनी बड़ी संख्या में भाजपा के मंडल अध्यक्ष हेतु दावेदारी करना पहले कभी नहीं देखा गया है, हां इतनी बात जरूर है की कई बार भाजपा की गुटबाजी नेताओं व कार्यकर्ताओं के व्यवहार से छलकती रहती है।

# भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेले में होंगे विविध सांस्कृतिक रंगमंचीय कार्यक्रम

**मन्दसौर।**

नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, मेला सभापति श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी, सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह, मेला अधिकारी श्री पी.एस. धारवे ने बताया कि दिनांक 12 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक मंदसौर नगरपालिका परिषद के द्वारा आयोजित होने वाले 20 दिवसीय भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के 62वें मेला के सभी सांस्कृतिक रंगमंचीय कार्यक्रम मेला समिति के द्वारा तय कर दिये गये है। इसके अंतर्गत 30 नवम्बर तक पशुपतिनाथ मेला में प्रतिदिन रात्रि 8.30 बजे से देर रात्रि तक विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 19 नवम्बर मंगलवार को आशीष मराठा बालीवुड म्यूजिकल नाईट्स का कार्यक्रम होगा। 20 नवम्बर बुधवार को रंगारंग राजस्थानी कार्यक्रम होगा। 22 नवम्बर शुक्रवार को कबीर भजन संध्या होगी। 23 नवम्बर शनिवार को डिम्पल शाह डान्स ग्रुप नाईट्स का कार्यक्रम होगा। 24 नवम्बर रविवार को डिम्पल शाह डांस ग्रुप नाईट्स का कार्यक्रम होगा। 25 नवम्बर सोमवार को सवाई भाट इंडियन आइडल फेन नाईट्स का कार्यक्रम होगा। 26 नवम्बर मंगलवार को बॉडी बिल्डिंग कॉम्पीटिशन होगी जिसमें देश व प्रदेश के जाने माने बॉडी बिल्डर आयेंगे और अपने शरीर सौष्ठव का प्रदर्शन करेंगे। 27 नवम्बर बुधवार को एक शाम भोले के नाम भजन संध्या होगी। 28 नवम्बर गुरूवार को पवनदीप राजन इंडियन आइडल नाईट्स का कार्यक्रम होगा। 29 नवम्बर शुक्रवार को कुश्ती प्रतियोगिता का फायनल खेला जायेगा। 30 नवम्बर शनिवार को रात्रि 9 बजे उपरांत पशुपतिनाथ मेला में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इस कवि सम्मेलन में देश व प्रदेश के जाने माने कवि मंदसौर आयें और अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। कवि सम्मेलन में प्रस्तुति देने हेतु देश के जाने माने कवि अरूण जैमिनी (दिल्ली), जानी बैरागी हास्य कवि (धार), शंभु शिखर व्यंगकार (नोयडा), मुन्ना बैटरी हास्य कवि (मंदसौर), कानु पण्डित (नाथद्वारा), हेमन्त पाण्डेय (कानपुर उ.प्र.), भुवन मोहिनी कवियत्री (इंदौर), प्रिया खुशबु कवियत्री उज्जैन, योगेन्द्र शर्मा वीर रस कवि (भीलवाड़ा), महेश दुबे कवि (मुम्बई) अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। 1 दिसम्बर, रविवार को पशुपतिनाथ मेला का समापन होगा।

आज आशीष मराठा बॉलीवुड नाईट्स कार्यक्रम- आज 19 नवम्बर मंगलवार को रात्रि 8.30 बजे भगवान पशुपतिनाथ महादेव मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर आशीष मराठा अपने साथी कलाकारों के साथ कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। श्री मराठा मंदसौर के जाने माने पार्श्व गायक है जिन्होंने पूरे देश में अपनी प्रतिभा का परिचय कराया है। नपा परिषद ने उन्हें आज मंगलवार को सांस्कृतिक रंगमंच पर कार्यक्रम देने हेतु आमंत्रित किया है।

## गौभक्त नंदू बासाब की पुण्यतिथी मनाई

**रतलाम।** श्री गोपाला गौशाला न्यास, तुलसी परिवार एवं गोपालजी का बडा मंदिर न्यास के पूर्व अध्यक्ष गौभक्त नंदलाल व्यास नंदू बासाब की दसवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर बासाब परिवार ने गौशाला में गौवंश की पूजा कर उन्हें मिष्ठान ग्रहण कराया। बाद में त्रिवेणी तट पर संचालित श्री बद्री नारायण सेवा ट्रस्ट के अन्नक्षेत्र में जरूरतमंदों को प्रसादी प्रदान की। इस दौरान धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र के कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## बाइक की आमने-सामने से भिंड़त, दो की मौत



**रतलाम।** रविवार रात जावरा फाटक से सेजावता फंटे तक बन रहे निर्माणाधीन फोरलेन पर पहलवान बाबा की दरगाह के सामने बाइक दो बाइक की भिड़ंत हो गई। घटना में दो लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर घायल हो गया। रविवार शाम को रईस खान (40) पिता वाहिद खान निवासी हरथली अपने 15 साल के बेटे अल्फेज के साथ जावरा जा रहे थे। वहीं बापू नगर की तरफ से पीयूष (18) पिता मुकेश चौहान निवासी होमगार्ड कॉलोनी बाइक से आ रहा था। तभी दोनों की बाइकों की आमने-सामने भिंड़त हो गई। घटना में रईस खान व सामने की बाइक पर सवार पीयूष की मौत हो गई। हादसे में मृतक रईस खान का बेटा अल्फेज (15) गंभीर घायल हो गया। जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। मृतक पीयूष के पिता मुकेश चौहान ने बताया कि मैं होमगार्ड कॉलोनी में रहता हूं। मेरे माता-पिता बापू नगर (डोसी गांव) में रहते हैं। रविवार शाम पूरा परिवार मेरे माता-पिता के यहां था। वहां से होमगार्ड कॉलोनी जाने के लिए पहले पीयूष निकला। मैं भी कुछ देर में वहां से निकलने वाला था तो पीयूष को कॉल किया। सामने से पुलिसकर्मी ने उठाया। बताया कि पीयूष का एक्सीडेंट हो गया है। तब हम फौरन आए। मृतक रईस खान के चचेरे भाई शाहिद खान ने बताया कि रईस खान के साले के बेटे का जावरा में इंतकाल हो गया था। उसी में शामिल होने रईस खान अपने बेटे अल्फेज के साथ जावरा जा रहे थे। रईस खान की महू रोड स्प्रे पेंटिंग की दुकान है। घायल अल्फेज कक्षा 9वीं में पढ़ता है। उसका सिटी स्कैन करवाया गया है। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

## रॉयल कॉलेज खेल महोत्सव

**रतलाम।** रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों का अन्तर कक्षाएं खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन 18 नवम्बर से 26 नवम्बर तक किया जा रहा है। रॉयल खेल महोत्सव दो चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में छात्राओं की खेल प्रतियोगिताएं जैसे लेमन स्पून रेस, 100 मीटर रेस, 400 मीटर रिले रेस, खो-खो, टग ऑफ वार, सेक रेस, चेयररेस, योगा जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। रॉयल खेल महोत्सव के द्वितीय चरण में रॉयल कॉलेज के छात्रों के लिए क्रिकेट, फुटबाल, बास्केटबाल, वॉलीबाल, 100 व 400 मीटर रेस की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। रॉयल खेल महोत्सव का प्रथम चरण छात्राओं के लिये आज आयोजित हुआ, खेल प्रतियोगिता में लगभग 437 छात्रायें भाग ले रही है, जिसमें फार्मेसी कोर्स से 106, एम.बी.ए. व बी.बी.ए. कोर्स से 120, बी.एससी. कम्प्यूटर साईंस कोर्स से 66, बी.एससी. माइक्रोबायोलॉजी कोर्स से 110, नर्सिंग कोर्स से 15, बी.सी.ए. कोर्स से 20 छात्राओं ने आयोजित टग ऑफ वार, लेमन स्पून रेस, चेयररेस आदि आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी रही। रॉयल खेल महोत्सव (छात्राओ) के खेल समन्वयक के रूप में प्राध्यापक दीपिका कुमावत एवं उनकी टीम के सदस्यगण रहे, निर्णायक कमेटी की जिम्मेदारी डॉ. रविन्द्र कौर अरोरा व उनकी टीम ने निभाई। खेल प्रतियोगिताओं का संचालन प्रशासक डॉ. डी.आर. पुरोहित ने किया।

## ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करने वाली गैंग को बिलपांक पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रतलाम।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में सक्रिय ट्रासफार्मर ऑईल चोरी गैंग द्वारा रात्रि में विद्युत ट्रांसफार्मर को खोलकर उसमें से ऑयल चोरी कर लेते थे। ऑयल चोरी के थाना बिलपांक पर तीन प्रकरण, थाना नामली पर एक प्रकरण, थाना औ.क्षेत्र रतलाम मे एक प्रकरण व थाना शिवगढ पर एक प्रकरण सहित रतलाम जिले मे कुल 6 प्रकरण पंजीबध्द किए गए थे। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, एवं घटनाओं का पर्दाफाश कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं एसडीओपी अभिलाष भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिलपांक अय्यूब खान के नेतृत्व में ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी करने वाली गैंग को पकडने हेतु टीम का गठन किया गया। उक्त टीम को 17 नवंबर को विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सुचना मिली की थाना बिलपांक के अपराध क्रं. 646/2024 धारा 303 (2) बीएनएस में नामजद आरोपी राकेश भाटी व उसके कुछ साथी एक टवेरा गाडी से सिनोद तरफ से आने वाले है जो थाना बिलपांक टीम द्वारा सिनोद रोड़ पर पहुंचकर घेराबंदी की गई जो कुछ समय पश्चात एक टवेरा गाड़ी जीजे 23 एच 8192 आते दिखी जिसे रोका, रोक कर तलाशी लेते टवेरा गाडी की डीक्की सीट पर तीन केन रखी मिली। जिनके ढक्कन पंचानो के समक्ष खोलकर चेक करते दो केन मे तेज गंध वाली शराब की बदबू तथा एक केन में आईल भरा हुआ मिला। जिसके बारे में पचांन के समक्ष राकेश डामर व कष्णा मुनिया, नंदू ऊर्फ नंदकिशौर चौहान, दिलीप डामर, गोरीशंकर गिरवाल सभी से हिकमत अमली से पुछताछ करते दो केन में कच्ची हाथ भटटी की जहरीली शराब होना तथा एक केन में बदनारा रोड के पास से एक डीपी से चुराया हुआ आईल की भरी केन होना बताया जिसको बेचने के लिये ले जाना बताया जिसे विधिवत जप्त कर आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया व आरोपीयो के विरुद्ध अपराध क्रमांक 652/24 धारा 34(2), 49 आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरोह का सरगना राकेश भाटी पूर्व में ट्रासफार्मर ऑईल, पंचायतो से एलसीडी चौरी व अन्य कई चोरीयो मे गिरोह संचालित कर चोरीयो मे गिरफ्तार हुआ है। अभी तक की पुछताछ में आरोपियो द्वारा जिला रतलाम, उज्जैन, धार में किसानो के खेतो में लगे ट्रासफार्मर से रात्री में ऑईल चोरी करना स्वीकार किया है, आरोपीयो से अन्य कहा कहा पर ट्रासफार्मर से ऑईल व अन्य चोरीयो के बारे में व ट्रासफार्मर ऑईल खरीदने बेचने वाले के बारे में पुछताछ करते ट्रासफार्मर ऑईल को वसीम शाह उर्फ गोलू पिता अब्दुल हक उम्र 28 साल जाति फकीर नि.मालीपुरा बदनावर जिला धार को बेचना बताया है।

### काश्यप विद्यापीठ कर रहा है बच्चो का सर्वांगीण विकास - केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर

# शिक्षा संस्थान सिर्फ विद्यालय न रहे, संस्कार के केंद्र बने : मंत्री चेतन्य काश्यप

## चेतन्य ग्राम बदनावर में काश्यप विद्यापीठ का 27वा वार्षिकोत्सव संपन्न

**रतलाम।**

चेतन्य ग्राम बदनावर स्थित काश्यप विद्यापीठ का 27वा वार्षिकोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मना। इसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी, जिन्हें देखकर हर कोई मंत्र मुग्ध हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई।

जिसमें विद्यार्थियों ने स्वागतम गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों और कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर रही। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री तथा स्कूल के चेयरपर्सन चेतन्य काश्यप, धार भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, खेड़ा सरपंच योगेश मुकाती, न्यायाधीश सीमा धाकड़, एसडीएम दीपक चौहान, तहसीलदार सुरेश नागर, नायब तहसीलदार सुनील पडियार, एसडीओपी अरविंद तोमर, शेरसिंह भूरिया, टीआई अमीत सिंह कुशवाह, रतलाम भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा के साथ निर्णायक के रूप में श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल की प्राचार्य डॉ रेखा शास्त्री एवं सीएम राइज विनोबा स्कूल के वाइस प्रिंसिपल गजेंद्र सिंह राठौर, विद्यालय संचालिका नीता काश्यप, कश्यप स्वीटनर्स के कार्यकारी निदेशक राजीव गोरवाड़ा, संस्था समन्वयक विपिन जैन, संस्था प्राचार्य नंदा व्यास आदि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि श्रीमती ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि जैसे नदी का प्रवाह सही दिशा में मोडने पर बहता है, ठीक वैसे ही बच्चों का जीवन होता है। शिक्षक का दायित्व है कि बच्चों को तराश कर रुचि के अनुसार उन्हे शिक्षित करें। जरूरी नहीं कि हर बच्चा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े, कोई खेल में तो कोई किसी अन्य विधा में भी आगे आ सकता है, बस उसकी कला को पहचान कर सही दिशा देने की जरूरत है। शिक्षक की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है। काश्यप विद्यापीठ बच्चों के सर्वांगीण विकास का काम कर रहा है। बच्चों को संस्कारी बनाने के लिए स्कूल में शिक्षक तो घर पर पालकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। आज टीवी, मोबाइल, व्हाट्सएप, फेसबुक में उलझ कर बच्चे समय की बर्बादी कर रहे हैं, माता-पिता को इस पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने में सभी के योगदान की आवश्यकता है।




विद्यालय के चेयरपर्सन एवं मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि प्राचार्य एवं शिक्षकों के माध्यम से स्कूलों को संस्कारशाला के रूप में बदला जाता है। शिक्षा के संस्थान सिर्फ विद्यालय न रहे और संस्कार के केंद्र बने। ऐसे आयोजनों में बच्चों को किस तरह से संस्कार दिए जा रहे हैं, उसका प्रदर्शन होता है। प्राचीन भारतीय परंपरा में गुरु, शिष्य के संपूर्ण विकास का ध्यान रखते थे। लेकिन अंग्रेजों के शासनकाल में जो नीतियां आई, उन्होंने हमारे संस्कारों को रोका है। विद्यालय के माध्यम से हमने नियमित प्रयास किया है कि बच्चों में संस्कारों के विकास को आगे करें।

श्री काश्यप ने कहा कि संस्कारों के विकास में पालकों की एक बड़ी भूमिका है। बच्चे 5 से 6 घंटे स्कूल में, तो 17 से 18 घंटे परिवार में रहते है। राजगढ़ में सरस्वती शिशु मंदिर के पालकों के लिए जिस तरह कोर्स बनाया गया है, भविष्य में हम भी उसे लागू करेंगे, ताकि बच्चे और अधिक संस्कारवान बनकर नई उपलब्धियां प्राप्त करें और धार जिले व बदनावर क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन करें।

कार्यक्रम में श्री काश्यप के पौत्र सारांश काश्यप ने अपने तबला वादन से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। निर्णायक वाइस प्रिंसिपल गजेंद्र सिंह राठौर एवं प्राचार्य रेखा शास्त्री ने कहा यह प्रोग्राम कभी ना भुलाए जाने वाले कार्यक्रमों में से एक है। श्रीमती नीता काश्यप ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा से बच्चों के समग्र विकास पर विश्वास रखता आया है और सदैव छात्रों को न केवल एक अच्छा विद्यार्थी बल्कि एक बेहतरीन व्यक्तित्व बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अच्छी प्रस्तुतियों पर यह हुए पुरस्कृत

सब जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार कक्षा एक को चल मेरे घोड़े टिक, टिक, द्वितीय पुरस्कार एलकेजी कक्षा को अक्कड़-बक्कड़ बंबे बो को मिला। बेस्ट आर्टिस्ट सब जूनियर ग्रुप में नर्सरी की अधिश्री गोस्वामी, द्वितीय यूकेजी के रिदम जैन, तृतीय कक्षा एक की वैष्णवी अग्निहोत्री को मिला। सांत्वना पुरस्कार एलकेजी के भौमिक जायसवाल और यूकेजी के इवांशी मूणत को मिला।

जूनियर ग्रुप में प्रथम पुरस्कार कक्षा दूसरी को स्कूल नहीं जाना मम्मा, द्वितीय पुरस्कार कक्षा 5 को छोटे-छोटे तमाशे, बेस्ट आर्टिस्ट कक्षा 3 के प्रांजन रॉय, कक्षा 2 के भव्य पाटीदार, कक्षा 4 के पूर्वी कोल्ते, सांत्वना पुरस्कार कक्षा तीन की आरीनी पाटीदार और कक्षा चौथी के देवम जैन को मिला। जूनियर ग्रुप 2 में प्रथम पुरस्कार तारों में सजके, द्वितीय पुरस्कार आई झुमके वसंत, बेस्ट आर्टिस्ट जूनियर ग्रुप 2 का पहला पुरस्कार संस्कृति पाटीदार, द्वितीय लक्ष्य नाहर, तृतीय अनन्या शर्मा, सांत्वना पुरस्कार नैतिक पाटीदार एवं स्वरा संघवी को मिला।

सीनियर ग्रुप में प्रथम पुरस्कार रैंबो डांस, द्वितीय पुरस्कार शुभारंभ गीत को मिला। बेस्ट आर्टिस्ट में प्रथम लावण्या पालीवाल, द्वितीय मिस्ठी संघवी, तृतीय भव्यम काबरा, सांत्वना पुरस्कार आर्यन वर्मा एवं प्रतीक्षा शर्मा को मिला। बेस्ट आर्टिस्ट में इंडिविजुअल पुरस्कार प्रथम आंचल शर्मा, द्वितीय तृषा नांदेचा, तृतीय श्रीवृंदा कसेरा, सांत्वना पुरस्कार नैंसी सराफ एवं हर्षिता वास्केल को मिला।बेस्ट ड्रामा आर्टिस्ट में प्रथम पुरस्कार प्रांजल सिसोदिया, द्वितीय अनुष्का मोरे, तृतीय मनस्वी मोदी, सांत्वना पुरस्कार सान्वी पटवा एवं यश्वी जैन को मिला।

## सफलता का मूल मंत्र है निरंतर प्रयास : नीरज त्रिवेदी

**रतलाम।** संस्था के चेयरमैन डॉ. अभिजीत देशमुख ने वीडियो कॉल के माध्यम से नवीन प्रवेशित छात्रों की जानकारी ली तथा उन्हें मार्गदर्शित किया।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संस्था निर्देशक नीरज त्रिवेदी, आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप नलगे, फार्मेसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिलिन गांधी, संस्था के अशोक वर्मा, जयंत शर्मा मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के सामने दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पण करने के साथ हुई। सभी अतिथियों का स्वागत प्रो. नागेश्वर मालवीय, प्रो. महिमा उपाध्याय की और से किया गया। फार्मेसी प्राचार्य डॉ. मिलिन गांधी ने अपने उदबोधन में सफल विद्यार्थी के जीवन में उपयोगी आवश्यक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। जिनमें प्रमुख है किसी कार्य को निरंतर करना यदि विद्यार्थी निरंतर कक्षा में उपस्थित होकर अपनी स्टडीज करते हैं, तो निश्चित ही वह सफलता प्राप्त करेंगे। तथा उन्होंने फार्मेसी में उपलब्ध रोजगार के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की संस्था प्रमुख नीरज त्रिवेदी ने अपने वक्तव्य में कहा, सफल होने के लिए सार्थक प्रयासों की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है। सीखने के लिए हम किसी से भी सीख सकते है, चाहे कोई पशु से सीखे पक्षी से सीखे या प्रकृति से...!

प्राचार्य डॉ. दिलीप नलगे ने सभी विद्यार्थियों को बताया कि, अपने जीवन को दीपक की तरह बनाएं। जिससे आप खुद जलकर भी औरों को रोशन कर सकें। अशोक वर्मा ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। जयंत शर्मा ने विद्यार्थियों को फार्मेसी महाविद्यालय की संपूर्ण जानकारी दी एवं प्रो. सरिता राठौर ने फार्मेसी के क्षेत्र में करियर के बारे में जानकारी दी। फार्मेसी के क्षेत्र में आपके लिए कहीं करियर के विकल्प मौजूद हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. प्रियांशी मेहता ने किया। आयोजन फार्मेसी प्राचार्य डॉ. गाँधी के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर फार्मेसी एडमिनिस्ट्रेटर, सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं नव प्रवेशित विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में आभार व्यक्त प्रो. आयुषी ने माना।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के तोडफ़ोड़ के विरोध में आज कांग्रेस करेगी धरना प्रदर्शन

**रतलाम।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि हाल ही में संपन्न हुए प्रदेश में दो विधानसभा उपचुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने लोकतंत्र की हत्या करने का अपराध किया है। विजयपुर विधानसभा में आम मतदाताओं को वोट से वंचित कर भय का वातावरण बनाया गया। रात को गुहाटा गांव में बदमाशों ने दलित बस्ती में घुसकर तोडफ़ोड़ की व फसलों में आग लगाकर नुकसान पहुंचाया गया। असामाजिक तत्वों द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी की दलित विरोधी मानसिकता के विरोध में 19 नवंबर मंगलवार को प्रात- 11 बजे धरना प्रदर्शन आयोजित कर कलेक्टर को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी भी उपस्थित रहेंगे।

## महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

**रतलाम।** महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल ने सामूहिक रूप से संस्था अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन के नेतृत्व में दीप जलाकर संस्था, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निष्ठा के शपथ ली। भगवान महावीर के चिंतन के अनुरूप सत्य और अहिंसा का पालन करते हुए सबको प्यार सब की सेवा का संकल्प लिया। महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल के संस्थापक सचिव महेंद्र छाजेड़ ने बताया कि संस्था का दीपावली मिलन समारोह अजंता पैलेस में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ मुरलीधर चांदनी वाला ने कहा कि महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल ने वंचित वर्ग और अभावग्रस्त चेहरों पर मुस्कान लाकर सेवा का जो दीप जलाया है उसका प्रकाश अनवरत फैलते रहना चाहिए। स्वागत भाषण संस्था अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने दिया। महेंद्र छाजेड़ ने संस्था द्वारा झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में किये जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी प्रदान की। सभा को संस्था के पूर्व अध्यक्ष जयंत वोहरा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ मुरलीधर चांदनीवाला और प्रोफेसर डी के शर्मा को संस्था की सदस्यता प्रदान की गई। अतिथि स्वागत डॉ प्रदीप जैन, महेंद्र छाजेड़, जयंत वोहरा, विमल जैन, संजय जैन, पारस जैन, शुभम भंडारी, हर्षा जैन, तृप्ति डोसी ने किया। संचालन महेंद्र छाजेड़ ने किया। जयंत वोहरा ने आभार व्यक्त किया।

## परमार्थ के लिए रचित डॉ. राव की पुस्तक का मंत्री काश्यप ने किया विमोचन

**रतलाम।**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने डॉ. प्रदीप सिंह राव द्वारा लिखित साधना के संत पुस्तक के तीसरे सौंपान का विमोचन किया। श्री राव ने यह पुस्तक दिव्यांगजनों के सहायतार्थ प्रकाशित की। इस अवसर पर डॉ. राव एवं हिम्मत सिंह गेलड़ा द्वारा मंत्री श्री काश्यप का स्वागत किया गया।

पुस्तक विमोचन के अवसर पर मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि शहर भौतिक रूप से प्रगति कर रहा है। साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रगति भी आवश्यक है। हमारे मूल्यों की रक्षा का दायित्व बुद्धिजीवियों पर ही है। परमार्थ की भावना से किया गया कार्य कई लागों को प्रेरणा देता है। डॉ राव ने भी पांच वर्षो तक परमार्थ के लिए लेखन करने का जो संकल्प लिया है, वह बहुत प्रेरणादायी है। हमारे सामाजिक जीवन का ताना-बाना हमारे संबंध और हमारी मिलनसारिता कायम रहे इसके लिए आवश्यक है कि सभी बुद्धिजीवी अपनी भूमिका निभाए और शहर की सर्वांगीण प्रगति में साहित्यिक और सांस्कतिक पक्ष को भी मजब्रूत करते रहे।



डॉ. राव ने पुस्तक के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि यह तीसरा सौंपान है। पहला व दूसरा सौंपान कैंसर पीडितों के सहायतार्थ था। तीसरा सौंपान दिव्यंगजनों को समर्पित है। अगले वर्ष भी वह जरूरतमंदों के सहायतार्थ पुस्तक का प्रकाशन करेंगे। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार आशीष दशोत्तर ने किया, जबकि आभार अशोक अग्रवाल ने माना। इस अवसर पर मनोहर पोरवाल, मयूर पुरोहित, नरेंद्र सिंह पंवार, संजय परसाई, नीरज शुक्ला, लक्ष्मण पाठक, सतीश जोशी, नरेंद्र सिंह डोडिया स्मिता शुक्ला आदि शिक्षा, साहित्य सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियां मौजूद रही।

# ज्वेलर को तलाश नहीं कर पाई पुलिस, टीआई को नोटिस

**रतलाम।**

7 सर्राफा व्यापारियों का करीब 3 करोड़ रुपए का सोना लेकर फरार हुए ज्वेलर्स जीवन सोनी को एक माह से अधिक समय हो गया है। अभी तक पुलिस आरोपी ज्वेलर्स की तलाश नहीं कर पाई है। ज्वेलर्स की तलाश के लिए सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन ने 1 लाख रुपए तो एसपी अमित कुमार ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। आरोपी की तलाश के लिए एसआईटी भी बनाई है। आरोपी ज्वेलर्स के बारे में किसी प्रकार से कोई जानकारी हासिल नहीं करने पर एसपी ने माणकचौक थाना प्रभारी को शोकाज नोटिस भी थमाया है।

8 अक्टूबर की दोपहर ज्वेलर्स जीवन सोनी द्वारा सर्राफा व्यापारियों से अपनी दुकान में ग्राहकों को दिखाने के लिए सोने के गहने मांगे और वापस नहीं किए। रात तक व्यापारी जीवन का इंतजार करते रहे। लेकिन वह नहीं लौटा। तब सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने उसी रात माणकचौक थाना में शिकायत की। करीब 4 किलो सोना लेकर भागने वाले सर्राफा व्यापारी जीवन सोनी (40) निवासी कल्याण नगर रतलाम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। तब से लेकर आज तक ज्वेलर्स जीवन का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शुरूआत में तलाश की।




फिर मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### थाना प्रभारी को नोटिस, एसआईटी बनाई

एक माह से ज्यादा समय के बाद भी आरोपी ज्वेलर्स के बारे में कोई सुराग हासिल नहीं करने पर एसपी अमित कुमार ने माणकचौक थाना प्रभारी सुरेश गडरिया को शोकाज नोटिस जारी किया है। एसपी ने थाना प्रभारी के लेट लतीफी करने पर नोटिस में स्पष्ट किया है कि क्यों ना आपके खिलाफ विभागीय जांच की जाए। एसपी ने बताया कि आरोपी ज्वेलर्स की तलाश के लिए एसआईटी बनाई। पूरे प्रयास किए जा रहे है। अगर थाना प्रभारी कोई कार्रवाई नहीं करते है तो उनके ऊपर भी कार्रवाई करेंगे। प्रयास यह है कि किसी भी तरीके से पुलिस की कार्यप्रणाली ढीली ना हो तत्काल कार्रवाई करे। आरोपी ज्वेलर्स की तलाश के लिए 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

### सर्राफा एसोसिएशन ने लगाए पोस्टर

3 करोड़ का सोना लेकर फरार हुए ज्वेलर्स जीवन सोनी पर सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। इसके पोस्टर भी बाजार में लगाए हैं। एसोसिएशन अध्यक्ष झमक भरगट ने बताया कि पुलिस की सुस्ती के चलते इनाम घोषित किया है। कई सुराग देने के बावजूद पुलिस एक माह से अधिक समय होने के बावजूद आरोपी को नहीं पकड़ पाई है। पुलिस की लेट लतीफी के खिलाफ 19 नवंबर को व्यापारी दोपहर 12 बजे तक सराफा बाजार बंद रखकर विरोध जताएंगे। दोपहर 12 बजे वाहन रैली के माध्यम से कलेक्टोरेट पहुंचकर सीएम के नाम कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौपेंगे।

राष्ट्रीय जनभावना

## सुष्मिताइरादों को अमल में लाने में रखती हैं विश्वास

सुष्मिता सेन जिन्हें आखिरी बार स्ट्रीमिंग क्राइम-थ्रिलर सीरीज आर्या सीजन 3 में देखा गया था, इरादों को अमल में लाने में विश्वास रखती हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक नोट साझा किया जिसमें उन्होंने अपने विचार साझा किए। उन्होंने अपने संदेश में बताया कि सपने देखना और उन्हें क्रियान्वित करना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने लिखा ?कि एक इंच आगे बढ़ने एक मील के सपने देखने से बेहतर है। उन्होंने इस बारे में और भी गहराई से चर्चा की और साफ किया कि इरादा सफलता की कुंजी है। सुष्मिता का यह संदेश उनके सामर्थ्य और संकल्प को दिखाता है। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष से उन्हें जो कुछ भी हासिल करना है, उसकी प्राप्ति में मदद कर सकता है।







## पटना में पुष्पा-2 का ट्रेलर लॉन्च

पटना के गांधी मैदान में आज फिल्म 'पुष्पा 2- द रूल' का ट्रेलर लॉन्च हो गया। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज होगी। लॉन्चिंग के दौरान गांधी मैदान में लाखों की संख्या में भीड़ मौजूद थी। कार्यक्रम में अल्लू अर्जुन ने कहा, बिहार के पावन धरती को मेरा सत सत प्रणाम। पहली बार बिहार आया हूं, अपने बहुत प्यार दिया। बहुत-बहुत शुक्रिया। फिल्म में तो पुष्पा कभी झुकेगा नहीं, लेकिन आज आपके प्यार के लिए झुकेगा। फिल्म के लॉन्चिंग से पहले पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। गांधी मैदान में फैंस की भारी भीड़ जमा हो गई।

करीब 1 लाख लोग गांधी मैदान पहुंचे थे। इस दौरान भीड़ ने स्टेज की तरफ चप्पल फेंकी, जिसके बाद लोग बेकाबू होने लगे। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठी चलाई। गांधी मैदान में साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को देखने के लिए भीड़ बेकाबू हो गई। लोग गांधी मैदान में लगी 40 मीटर ऊंची होर्डिंग्स पर चढ़ गए थे।

## माधुरी दीक्षित ने सुनाया घाघरा गाने की शूटिंग का किस्सा

माधुरी दीक्षित ने हाल ही में फिल्म ये जवानी है दीवानी को लेकर बात की। एक इंटरव्यू के दौरान, एक्ट्रेस ने रणबीर कपूर को शरारती बताया और कहा कि वह बहुत चंचल और मस्ती करने वाले हैं। लेकिन उनके अंदर एक काफी शांत स्वभाव भी है। इसके अलावा, माधुरी ने घाघरा सॉन्ग को लेकर भी बात की। पिंकविला के साथ बातचीत में माधुरी दीक्षित ने कहा, 'ये जवानी है दीवानी फिल्म में मैंने घाघरा गाने पर डांस किया था। मुझे यह गाना करते हुए बहुत मजा आया, क्योंकि सबसे पहले गाना तो शानदार था। लेकिन जिस तरीके से इसे फिल्माया गया। वह और भी ज्यादा बेहतरीन था। यह फिल्म में एक ऐसे मोड़ पर आता है, जहां यह सभी को हैरान कर देता है।' माधुरी दीक्षित ने आगे कहा, 'इस गाने में मेरे साथ रणबीर कपूर भी थे। उनके साथ काम करना बहुत ही यादा मजेदार था। वह बहुत शरारती हैं, लेकिन आप जान नहीं सकते, वह बहुत शांत भी होते हैं। माधुरी दीक्षित ने अपने आइकॉनिक गानों के सलेक्शन के बारे में कहा, 'मैंने सोचा था कि वैसे चोली के पीछे गाने कर लिए हैं, चलो अब घाघरा पर डांस करते हैं। इतना ही नहीं, मैंने द फेम गेम के लिए दुपट्टा मेरा भी किया, तो अब दुपट्टा भी हो गया।'

## आशीष विद्यार्थी के रैप सॉंग ने मचाया गदर



श्रोता हैरान हैं कि पर्दे पर नफरत और दहशत फैलाने वाला अभिनेता आशीष विद्यार्थी एकाएक रैपर कैसे बन गया। उन्होंने अपने पहले ही रैप सांग तानाशाही से सनसनी फैला दी है। यह रैप सांग यू–ट्यूब चैनल आशीष विद्यार्थी एक्टर व्लॉग्स पर लांच किया गया है। उनकी आवाज, जो पहले डराने का काम करती थी, अब श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर रही है। पर्दे पर नफरत और दहशत का चेहरा बनकर पहचान बनाने वाला यह अभिनेता माइक थामकर रैप सांग की दुनिया में धमाल मचा रहा है। तानाशाही गाने में उन्होंने एक मोटीवेशनल अप्रोच दिखाई है। गाने की लाइनों में धार है और म्यूजिक में दम। इस रैप को कंपोज़ किया है बॉलीवुड में उभरते हुए कंपोजर्स ब्रदर्स मैक–मल्लार ने। मल्लार करमाकर ने इस रैप में अशीष विद्यार्थी के साथ अपनी आवाज़ भी दी है। विद्यार्थी की आवाज़ की पॉवर इस रैप में साफ महसूस की जा सकती है। रैप के बोल लिखे हैं मुंबई की अनामिका गौड़ व संदीप गौड़ ने। तानाशाही जैसे फ्रेश शब्दों के इस्तेमाल ने इस रैप को नई जेनरेशन के टेस्ट का बना दिया है।

## विक्रांत के परिवार में होता है सभी धर्मों का सम्मान



एक इंटरव्यू में बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी ने अपने धर्मनिरपेक्ष परिवार का जिक्र करते हुए बताया कि उनके परिवार में सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। एक्टर ने कहा कि उनके परिवार में हर धर्म की पूरी आस्था और श्रद्धा रखी जाती है, और यह परिवार की विविधता का हिस्सा है।

विक्रांत ने बताया कि उनकी मां सिख हैं, लेकिन वह बिंदी लगाती थीं और करवा चौथ के दिन हमारे साथ खड़ी रहती थीं। उनका कहना था, हमारे परिवार में सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है और यह हमारे लिए बहुत सामान्य है। बचपन से हम मंदिरों में जाते थे और माता रानी के पंडाल में हिस्सा लेते थे। एक्टर ने बताया कि उनके पिता ईसाई होने के बावजूद भी वैष्णो माता के मंदिर जाते हैं और हफ्ते में दो बार चर्च भी जाते हैं। उन्होंने कहा, यही तो इंडिया है। हमारे घर में एक मंदिर भी है, और मेरे बेटे का नाम वरदान है। यह हमारी भारतीय संस्कृति और एकता का हिस्सा है।विक्रांत ने अपने भाई मोइन का भी जिक्र किया, जिन्होंने 17 साल की उम्र में इस्लाम धर्म अपनाया था।

## दिलजीत दोसांझ की सरकार को चुनौती



पॉपुलर पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ अपने म्यूजिकल टूर दिल-लुमिनाटी के चलते चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में दिलजीत ने हैदराबाद में परफॉर्म किया था, हालांकि उससे पहले ही उन्हें तेलंगाना सरकार का नोटिस मिला कि वो मंच पर शराब-दारू जैसे शब्दों का इस्तेमाल न करें। अब दिलजीत ने अपने हालिया शो में नोटिस मिलने पर बात करते हुए सरकार को चुनौती दी है कि अगर हर स्टेट में शराब बैन कर दी जाए तो वो कभी शराब पर बने गाने नहीं गाएंगे। साथ ही उन्होंने बॉलीवुड पर भी निशाना साधा है। दिलजीत ने हाल ही में गुजरात शो का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वो मंच पर कहते नजर आए हैं, एक खुशखबरी है, आज मुझे कोई नोटिस नहीं मिला है। इससे बड़ी खुशखबरी एक और है। बात यहां पर रुकती नहीं है। आज भी मैं कोई गाना शराब पर नहीं गाऊंगा। पूछिए क्यों। क्योंकि गुजरात ड्राई स्टेट है।

## चप्पल और बेल्ट से होती थी आयुष्मान खुराना की पिटाई



आयुष्मान ने यह भी बताया कि वे कम उम्र में ही पिता बन गए थे। उन्होंने बताया कि बेटी के जन्म के बाद वे बेहतर इंसान बन गए हैं। आयुष्मान ने आगे कहा- सबसे अच्छी बात यह है कि मेरी एक बेटी है। आप एक बेहतर इंसान बनें। बेटियां आपको अधिक संवेदनशील होना सिखाती हैं। आयुष्मान खुराना हाल ही में खुलासा किया कि उनके पिता काफी स्ट्रिक्ट थे। कई बार उन्होंने उनकी चप्पल और बेल्ट से पिटाई की थी।

## फर्जी होता है कपिल शर्मा का कॉमेडी शो!



कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो ग्रेट इंडियन कपिल शो के मेकर्स के खिलाफ हाल ही में शिकायत दर्ज हुई है। शो पर रवींद्रनाथ टैगोर का अपमान करने के आरोप लगे हैं। इसी बीच अब ब्रह्मास्त्र एक्टर सौरव गुर्जर ने शो को फर्जी बताया है। कुछ समय पहले शो में सौरव गुर्जर से जुड़े कुछ कमेंट पढ़े गए थे, जिससे उन्हें ठेस पहुंची थी। उन्होंने कहा है कि शो में पढ़े जाने वाले सभी कमेंट फर्जी होते हैं, जो लोगों को हंसाने के लिए खुद टीम करती है। रणबीर कपूर कुछ महीनों पहले फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का प्रमोशन करने कपिल शर्मा के शो में पहुंचे थे। शो के एक सेगमेंट में सेलेब्स की सोशल मीडिया पोस्ट के फनी कमेंट पढ़े जाते हैं। इस सेगमेंट के लिए कपिल ने रणबीर की एक फोटो के कमेंट पढ़े थे, जिसमें एक्टर सौरव गुर्जर ने उन्हें उठा रखा था। कपिल ने उस पोस्ट का एक कमेंट पढ़ा, जिसमें लिखा था, लगता है रणबीर ने नई गाड़ी ली है बी.एम.बब्लू। ये सुनकर उस समय तो सब हंस पड़े, लेकिन इस कमेंट से सौरव गुर्जर आहत हो गए।

## गोविंदा के सीने में उठा दर्द, अस्पताल में भर्ती

बीते कुछ दिनों से अचानक पैर में गोली लगने से सुर्खियों में बने हुए गोविंदा की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। हाल ही में गोविंदा शिवसेना शिंदे गुट के उम्मीदवारों का प्रचार करने एक रोड शो का हिस्सा बने थे, हालांकि इसी दौरान उनके सीने में दर्द उठा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हाल ही में आई टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, गोविंदा शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता माह्युति के उम्मीदवारों के सपोर्ट में पचोरा में रोड शो का हिस्सा बने थे। रैली जलगांव पहुंची ही थी कि इसी दौरान उनके सीने में तेज दर्द उठा था। तबीयत बिगड़ने पर गोविंदा ने रैली बीच में ही छोड़ दी और अस्पताल पहुंचे। फिलहाल उनकी हेल्थ से जुड़ी कोई अपडेट सामने नहीं आ सकी है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि देर रात गोविंदा घर पहुंच चुके हैं। बताते चलें कि गोविंदा खुद भी कांग्रेस के पूर्व लोकसभा सांसद रह चुके हैं।



## पुष्पा 2 का ट्रेलर रिलीज



मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। लगभग 3 मिनट के इस ट्रेलर में अल्लू अर्जुन का खूंखार अवतार देखने को मिला है। फिल्म में अल्लू के अलावा रश्मिका मंदाना, फहाद फासिल भी लीड रोल में हैं। सुकुमार द्वारा निर्देशित और मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित यह फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज होगी। कहानी एक डायलॉग से शुरू होती है, जहां सुनाई देता है कि कौन है यह आदमी, जिसे न पैसों की परवाह है और न ही पावर का खौफ। जरूर ही इसे गहरी चोट लगी है। इसके बाद पुष्पा बने अल्लू अर्जुन की धमाकेदार एंट्री होती है, जहां वे कहते हैं - पुष्पाज ढाई अक्षर नाम छोटा है, लेकिन साउंड बहुत बड़ा। फिर पुष्पा का जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखने को मिला है। पुष्पा की पत्नी बनीं रश्मिका की अल्लू के साथ बेहतरीन केमिस्ट्री भी देखने को मिली है। कहानी में आगे दिखाया गया है कि आंध्र प्रदेश की पहाड़ियों से शुरू हुई चंदन की लकड़ी की तस्करी से किंग बना पुष्पा का बिजनेस अब इंटरनेशनल मार्केट तक पहुंच गया है।

## राग दरबारी



# नारेबाज़ी का महामंच

हमारे देश की राजनीति नारेबाज़ी की ऐसी प्रयोगशाला बन चुकी है, जहां हर विचारधारा की कड़ाही में गरमागरम नारे उछाले जाते हैं। भारतीय राजनीति में नारों का महत्व वैसा ही है जैसे सिनेमा में मसाले का। नेता अपने-अपने नारों से जनता का दिल नहीं, बल्कि वोट बैंक जीतने की कोशिश करते हैं। राजनीतिक नारों के महायुद्ध का नया अध्याय तब शुरू हुआ, जब उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथजी के बटेंगे तो कटेंगे के जवाब में मल्लिकार्जुन खरगेजी ने डरेंगे तो मरेंगे, एक होकर देश को बचाएंगे का नया नारा फेंका।

योगी आदित्यनाथजी का नारा बटेंगे तो कटेंगे सुनकर लगता है जैसे वह किसी ऐतिहासिक युद्धभूमि पर खड़े हैं, जहाँ तलवारें खिंच चुकी हैं और रणभेरी बज रही है। बटेंगे तो कटेंगे नारा इतना व्यापक है कि इसे किसी भी विषय पर फिट किया जा सकता है–धर्म, जाति, क्षेत्रवाद, या फिर गली-मोहल्ले के झगड़ों पर भी। योगीजी का नारा तो यह दर्शाता है कि समाज में किसी भी प्रकार का विभाजन अंततः हिंसा की ओर ले जाएगा। लेकिन ज़रा सोचिए, यह बटेंगे शब्द आखिर किसे संबोधित करता है? क्या यह राजनीतिक दलों को है, जो सीटें और गठबंधन बटोरने में लगे हैं? या उन नागरिकों को, जो हर चुनाव में खुद को वर्ग, धर्म और जाति के खांचे में बंटा हुआ पाते हैं? यह नारा सुनने में तो प्रभावी लगता है, पर इसके व्यावहारिक परिणाम अक्सर धुंधले ही नजर आते हैं।

दूसरी ओर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नारा ÷डरेंगे तो मरेंगे, एक होकर देश को बचाएंगे न केवल जोश भरता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि देश फिलहाल ढ्रष्ट में है और एकता ही इसका जीवनरक्षक है। लेकिन सवाल यह है कि यह डर पैदा कौन कर रहा है? और एकता की बातें करने वाले खुद कितने एक हैं? डरेंगे तो मरेंगे÷ सुनते ही लगा कि यह कोई बॉलीवुड की फिल्म का संवाद है। मानो राजनीति में अचानक सलमान खान की डर के आगे जीत है वाली सॉफ्ट ड्रिंक का प्रचार शुरू हो गया हो और एक होकर देश को बचाएंगे का आह्वान मानो उस फिल्म का क्लाइमेक्स हो।

अब सवाल यह उठता है कि क्या ये नारे सच में देश को बचाने का उद्देश्य रखते हैं, या बस अपनी-अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का माध्यम हैं? हकीकत यह है कि राजनीति के इस ÷नारा-युद्ध÷ का असली मकसद शायद जनता के मुद्दों को हल करने से ज्यादा, मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराना है। जनता को इन नारों से कोई राहत नहीं मिलती। उसे चाहिए रोज़गार, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और एक सुरक्षित भविष्य। पर नेतागण इन समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय अपने शब्दों की तलवारें चमकाने में लगे रहते हैं। राजनीतिक नारे अब मुद्दों के समाधान का सुझाव देने के बजाय केवल मतदाताओं की भावनाओं से खेलने का माध्यम बन गए हैं। इसलिए अगली बार जब कोई नेता माइक पकड़कर नया नारा दें, तो तालियां जरूर बजाइए, लेकिन साथ ही पूछिए–नारे तो बढ़िया हैं, हम कटने और डरने से भी बच गए,अब काम कब करेंगे?

जब तक राजनीति में नारों का स्तर मज़ेदार संवाद तक सीमित रहेगा, जनता का ध्यान भटकाने में इन्हें महारत हासिल रहेगी। शायद अगली बार हम जनता को भी नारे गढ़ना पड़े- समस्याओं पर चर्चा करो, वरना जनता तुम्हें हराएगी! चुनेंगे तो बचेंगे, न चुनेंगे तो पछताएंगे!

प्रो. आरके जैन अरिजीत
बी-87, महावीर नगर, बड़वानी (म.प्र.)

# उपचुनाव में दांव पर दिग्गजों की साख

## मतदान के बाद अब सभी को मतगणना का इंतजार

इंदौर। मप्र की दो विधानसभा सीटों बुधनी और विजयपुर में बुधवार को उपचुनाव का मतदान हो गया। बुधनी में 77.07 प्रतिशत और विजयपुर में 77.76 प्रतिशत मतदान हुआ। अब इन सीटों के 23 नवंबर को परिणाम आएंगे। इन सीटों पर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के अलावा प्रदेश के दिग्गज नेताओं की साख भी दांव पर लगी है। वोटिंग के बाद से ही हार जीत को लेकर सियासी गणित का लेखा जोखा शुरू हो गया है। पिछली बार विजयपुर में कांग्रेस और बुधनी में भाजपा को जीत मिली थी।



इन सीटों की हार जीत से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और विजयपुर से भाजपा प्रत्याशी वन मंत्री रामनिवास रावत की प्रतिष्ठा दांव पर है।

मतदान के आंकड़े भी पिछली बार से कम होने के चलते दोनों दलों को अपनी-अपनी जीत को लेकर संशय भी बना है। हालांकि किस की मेहनत रंग लाती है इसका फैसला तो आने वाली 23 नवंबर को ही होगा, लेकिन तब तक दोनों दलों के नेताओं की धडक़न तेज रहने वाली है। दोनों दलों के नेता पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं से लगातार जानकारी ले रहे हैं। वे हर बिंदु पर चर्चा कर रहे हैं, ताकि अपनी जीत सुनिश्चित कर सकें। मुकाबला कांटे का रहा या एकतरफा, यह कहना अभी मुश्किल है। लेकिन दोनों पार्टियों के दिग्गज नेताओं की धडक़नें जरूर बढ़ गई हैं।

बुधनी और विजयपुर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने 12-12 सभाएं किए। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 11 सभाएं की। इसके अलावा तीनों नेताओं ने 3-3 रोड शो भी किए हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विजयपुर में करीब 15 रैली एवं सभाएं, जबकि बुधनी में 09 रैली एवं सभाएं की है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बुधनी में एक सभा की थी। इसके अलावा दिग्विजय सिंह, अरुण यादव, विवेक तन्खा ने भी सभाएं की है।

### सीएम के पास इतिहास रचने का मौका

डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद मप्र में भाजपा ने लोकसभा की 29 में से 29 सीटें जीती हैं। अमरवाड़ा उपचुनाव में भी पार्टी को जीत मिली है। अब विजयपुर और बुधनी सीट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रतिष्ठा दाव पर लगी है। उन्होंने रावत को कैबिनेट में शामिल करवा कर वन मंत्री बनाया। विजयपुर सीट पर लगातार मुख्यमंत्री चुनाव जीतने के लिए जोर लगाते रहे। यहां पर आदिवासी वोटर अब तक कांग्रेस को वोट करता आया है। ऐसे में विजयपुर सीट सीएम के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बनी हुई है। यहां पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूरी ताकत लगा दी। दरअसल, कांग्रेस ने आदिवासी वर्ग के नेता को मैदान में उतार कर चुनाव को रोचक बना दिया और आदिवासी वोट को साधने की पूरी कोशिश की।

हालांकि भाजपा ने यहां पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी को सहरिया विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाकर आदिवासियों को साधने का प्रयास किया, लेकिन यह कितना कारगर होता है इसका जवाब चुनाव परिणाम ही देंगे।

### शिवराज के प्रभाव की परीक्षा

बुधनी सीट पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा देने से खाली हुई है। इस सीट पर भाजपा ने पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल प्रत्याशी हैं। रमाकांत को टिकट मिलने के बाद पार्टी में विरोध शुरू हो गया था। इसके बाद खुद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव की कमान संभल ली।

दरअसल, बुधनी सीट हारे या कम वोट से जीते तो शिवराज सिंह चौहान की साख गिरेगी। इसलिए बुधनी में अच्छे वोटों से भाजपा प्रत्याशी का जीतना उनके लिए अहम है। बुधनी चुनाव में जहां भाजपा ने शिवराज के प्रभाव को भुनाने का प्रयास किया है। शिवराज की साख भी इस सीट पर दांव पर लगी है, क्योंकि अभी तक शिवराज यहां से चुनाव लड़ते थे, और सिर्फ नामांकन फार्म जमा करने जाते थे।

इसके बाद क्षेत्र में चुनाव की कमान उनके पुत्र कार्तिकय ही संभालते थे। लेकिन इस बार शिवराज ने भार्गव के समर्थन में आधा दर्जन से अधिक सभाएं की।

### तोमर के लिए विजयपुर अहम

भाजपा में ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में नरेंद्र सिंह तोमर बड़ा नाम है। वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के हाथ ही में अघोषित रूप से विजयपुर चुनाव की कमान थी। रामनिवास रावत को भाजपा में शामिल कराने के पीछे अहम भूमिका तोमर ने ही निभाई थी।

ऐसे में यदि रावत चुनाव हारते हैं तो उनको भाजपा में शामिल कराने पर ही सवाल खड़े हो जाएंगे। यही वजह है कि नरेंद्र सिंह तोमर लगातार विजयपुर में चुनाव की कमान संभाले रहे।

### दोनों अध्यक्षों के लिए उपचुनाव अहम

भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के प्रदेश अध्यक्षों के लिए ये उपचुनाव अहम हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के लिए भी बुधनी और विजयपुर की सीट के चुनाव को बेहद अहम माना जा रहा है। अभी तक भाजपा वीडी शर्मा के कार्यकाल में हर चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करते आई है।

अब भाजपा संगठन के चुनाव हो रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा दोनों सीटें जीतती है तो उनके कद में इजाफा होगा। शर्मा के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली थी। उनके नेतृत्व में पार्टी को लोकसभा चुनाव और इससे पहले हुए छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा उपचुनाव में हार मिली। यहां कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए कमलेश शाह जीते थे और कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह हार गए थे।

ताजा उपचुनाव में जीतू पटवारी ने दोनों ही सीटें बुधनी और विजयपुर को जीतने के लिए पूरा जोर लगा दिया। यदि पटवारी दो में से एक भी सीट जीतने में सफल होते हैं तो उनका कद दिग्विजय सिंह और कमलनाथ से प्रदेश में ऊपर हो जाएगा। इससे उनके नेतृत्व की कार्यकर्ताओं में स्वीकार्यकता बढ़ेगी।

# मोहन की माया से ओतप्रोत महाराष्ट्र

## सड़कों से लेकर सभाओं तक आपला माणुस ने बैठाया सिर आंखों पर

भोपाल। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सोमवार को महाराष्ट्र में चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्त थे। इस दौरान सभाओं, रैलियों, रोड शो और कमरा बैठकों तक में उन्हें सराहा गया और स्वीकार किया गया। धारावी क्षेत्र में रोड शो पर निकले भाजपा प्रत्याशी के काफिले में डॉ मोहन यादव खुली जीप पर बनाए गए चुनाव रथ पर सवार थे।



बड़े मजमे के साथ जहां भाजपा के जयकारे लगाए जा रहे थे, वहीं डॉ मोहन के नाम को भरोसे के साथ पुकारा जा रहा था। कई किलोमीटर लंबे चले इस रोड शो में डॉ मोहन यादव ने लोगों से भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट अपील की। उन्होंने भाजपा का साथ ही असल विकास का नारा उछाला और जनता के इस निर्णय को देश, सनातन और हर समुदाय की बेहतरी का परिचायक बताया।

इससे पहले डॉ मोहन यादव ने कलिना विधानसभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा को देश दुनिया में पसंद की जाने वाली पार्टी निरूपित किया। डॉ मोहन यादव ने भाजपा की महिला सशक्तिकरण कोशिशों को देश के स्वभाव और यहां की परंपरा से जोड़ा। डॉ यादव ने ताज हमले से लेकर शिव सेना के हालात और पाकिस्तान के आतंक से लेकर कांग्रेस की आरक्षण नीति से होने वाले नुकसान तक पर बात की।

डॉ मोहन यादव ने महाराष्ट्र दौरे के दौरान घाटकोपर और शायन, कोलीवाडा, कांदिवली के कार्यक्रमों को भी संबोधित किया। वे जहां भी गए भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, आमजन ने उन्हें सिर आंखों पर बैठाया।

### सफलता की गारंटी हो गए मोहन

मप्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद से डॉ मोहन यादव सतत विकास योजनाओं पर केंद्रित कामों की तरफ बढ़े हुए हैं। प्रदेश के हर वर्ग को संतुष्ट करते हुए वे देश के अन्य राज्यों तक अपनी साख स्थापित करने में सफल साबित हो रहे हैं। देश के आम चुनाव से लेकर प्रदेशों में हो रहे उप चुनावों तक में डॉ मोहन यादव की मौजूदगी सफलता की गारंटी माना जाने लगा है।

लोकसभा चुनावों के दौरान उनकी कोशिशों ने हर उस सीट पर जीत की पताका लहराने का गौरव दिया है, जहां जहां उन्होंने चुनावी सभाएं की हैं। यही वजह है कि अब महाराष्ट्र से लेकर झारखंड तक में उनकी सभाएं भरोसे के साथ कराई जा रही हैं।

# कांग्रेस में अब जिला और ब्लाक स्तर पर सर्जरी की सूची जल्द

## जिलाध्यक्षों को भी भोपाल बुलाया, जल्द ही दिखेंगे नए चेहरे

इंदौर। महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद कांग्रेस के नेताओं को अब संगठन मजबूत करने के लिए कहा गया है। प्रदेश में नईकार्यकारिणी के आने के बाद अब जिला और ब्लाक स्तर पर सर्जरी की कवायद शुरू की जाएगी। इसी सप्ताह भोपाल में होने वाली बैठक में जिलाध्यक्षों को भी भोपाल बुलाया गया है, ताकि संगठन को लेकर चर्चा की जा सके। कहा जा रहा है कि जल्द ही इन पदों पर नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं।

21 और 22 नवम्बर को प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की पहली बैठक भोपाल में बुलाई गई है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ-साथ भंवर जितेन्द्रसिंह भी इस बैठक में शामिल होंगे। प्रदेश कार्यकारिणी घोषित होने के बाद ही जिला अध्यक्षों और विभिन्न विभागों की सर्जरी किए जाने का तय किया गया था, लेकिन प्रदेश कार्यकारिणी में ही बवाल मच गया और जीतू पटवारी पर आरोप लगने लगे कि उन्होंने कार्यकारिणी में वरिष्ठता का ध्यान नहीं रखा। इसको लेकर 8 पदाधिकारियों ने काम नहीं करने को लेकर जीतू पटवारी को पत्र भी लिख दिया। इसी से सबक लेकर पटवारी ने जिलाध्यक्षों की सूची रोक दी। भोपाल में होने वाली बैठक के दूसरे दिन पटवारी ने जिलाध्यक्षों को भी भोपाल बुलाया है और संगठन की जानकारी मांगी है। ब्लाक स्तर पर भी फेरबदल किए जाना है। संभवत- पहले ब्लाक और उसके बाद जिलाध्यक्षों की सूची जारी किए जाने की संभावना है। इसके साथ ही विभिन्न संगठनों के अध्यक्षों को भी बाहर कर उनके स्थान पर नए चेहरों को लाने की तैयारी है।

## कार्टून कोना..........




# अगले तीन महीने में बदल जाएगा भाजपा का संगठनात्मक ढांचा

इंदौर। विधानसभा-लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद अब भाजपा का पूरा फोकस संगठन चुनाव पर है। भाजपा में संगठनात्मक बदलाव के लिए संगठन चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। फिलहाल बूथ स्तर पर भाजपा के सक्रिय सदस्यों को पदाधिकारी चुना जा रहा है। भाजपा के संगठन पर्व के तहत 14 नवंबर से बूथ कमेटी के चुनाव शुरू हो चुके हैं, जो 20 नवंबर तक चलेंगे।

- नई टीम के साथ झोंकेगी ताकत
- 22 नवंबर को दिल्ली में चुनाव प्रभारियों की बैठक, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की घोषणा संभव
- भाजपा संगठन चुनावों में विधायक-सांसदों को अपने समर्थकों को पद दिलाने से रोका जाएगा

मंडल और जिलाध्यक्ष के चुनाव से पहले 22 नवंबर को सभी राज्यों के चुनाव प्रभारियों की दिल्ली में बैठक होने जा रही है, जिसमें अगले चरणों की तिथि तय की जाएगी। पार्टी नेताओं का यह भी आकलन है कि इस बैठक में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकारी अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है। चुनाव में भागीदारी के लिए भाजपा का सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य हैं। संगठन ने इस बार सक्रिय सदस्यता में हर वर्ग को जोडने् का संदेश दिया है। ऐसे लोग जो कि समाज हित में काम कर रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जा रही है। संगठन के चुनाव के जरिए भाजपा अपना ताकत दिखाने के लिए रणनीति बना रही है।

### समर्थक-रिश्तेदारों को बैठाने से परहेज

पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस पर भाजपा के संगठन चुनाव में विधायक-सांसदों पर कड़ी नजर है। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बूथ, मंडल या जिलाध्यक्ष के चुनाव निष्पक्ष और सर्वसम्मति से होने चाहिए। विधायक या सांसद अपने समर्थक या रिश्तेदार को संगठन में बैठाने का प्रयास करें तो उसे सफल नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा पीढ़ी परिवर्तन की रणनीति पर काम कर रही है। इसका सीधा आशय यही है कि कोई भी जनप्रतिनिधि संगठन को जेब में रखने यानी अपनी मर्जी से चलाने की कोशिश करेगा तो ऐसे प्रयास को विफल कर देना है।



### नड्डा की कार्यशाला में बनेगी रणनीति

जानकारी के मुताबिक दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर आयोजित कार्यशाला पार्टी के नेताओं ने एक ही संदेश दिया जाएगा कि पार्टी अपनी ताकत का एहसास करने के लिए तैयार रहे। जिला स्तर तक कार्यशालाएं कराकर भाजपा इस बार के संगठन चुनाव को और मजबूत बनाएगी। राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार अगले 90 दिनों में भाजपा के जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष में परिवर्तन को तय करने की रणनीति बनी है। इस कार्यशाला में भाजपा के भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों और सभी प्रदेश अध्यक्षों सहित संगठन से जुड़े लगभग सवा सौ शीर्ष नेता शामिल होंगे।

### जातीय समीकरण तय करेंगे जिलाध्यक्ष

भाजपा में संगठनात्मक चुनाव की गतिविधियों ने गति पकड़ ली है। दिसंबर माह के अंत में जिलाध्यक्ष का चुनाव होना है। जिलाध्यक्ष पद के लिए अंचल के सभी जिलों में जोर अजमाइश शुरु हो गई है। जिलास्तर पर बूथ और मंडल के चुनाव होने के बाद प्रदेश का शीर्ष नेतृत्व जिलाध्यक्षों के नाम पर विचार करेगा। यह तय माना जा रहा है कि भाजपा जिलाध्यक्षों की नियुक्तियों में जातीय समीकरणों को साधने का प्रयास करेगी। वहीं जिलों में अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए बड़े नेताओं ने अपने खेमों से नाम छांटना शुरु कर दिए हैं।

## कटाक्ष

**उंगलियां उठना**

अपराधी को जब
अपराध की सजा
नहीं मिलती हैं
तब क़ानून पर
उंगलियां उठती हैं

**वचन**

वे रिश्वत अपने हाथों में नहीं
पत्नी के हाथों
थमाने का आदेश देते हैं
इस तरह रिश्वत नहीं छुयेंगे
सरेआम के वचन लेते हैं

**खुशियां**

जब भी कोई
शासकीय योजना आती हैं
नेता, अधिकारी के घरों में
बहुत खुशियां लाती हैं

**फसलें**

भ्रष्टाचार को जो
जीवन में अपनाते हैं
वे अपने लिए सुविधा की
फसलें उगाते हैं

**विषमता**

आर्थिक मोर्चे पर
असहाय होते हैं
वे अपने लिए
विषमता के बीज बोते हैं



रमेश मनोहरा
शीतला माता गली जावरा
(म.प्र.)
457226, जिला रतलाम
मो. 9479662215

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com